# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 169 बैकुण्ठपुर, शनिवार 08 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


# रामानुजगंज विधायक बृहस्पत के सार्वजनिक मंच में बिगड़े बोल

## महिलाओं की लड़ाई का उदाहरण देते पूर्व गृहमंत्री के बारे में कह दी गलत बात

**छ.ग.फ्रंटलाइन**
**गिरिजा कुमार ठाकुर**

**अंबिकापुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रामानुजगंज के कर्मचारियों से मारपीट के गरमाये मुद्दे के बीच विधायक रामानुजगंज बृहस्पत सिंह के बिगड़े बोल ने लोगों को पशोपेश में डाल दिया है। हालात ऐसे हैं कि इंटरनेट मीडिया में वायरल वीडियो क्लीपिंग लोगों की यह सोचने मजबूर कर रही हैं कि एक विधायक के बोल वो भी महिलाओं की उदाहरण देकर ऐसे हो सकते हैं। हर घर की धुरी महिलाओं को आड़े लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी को भले ही विधायक कहावत की संज्ञा दें लेकिन यह संवाद गले से नहीं उतर रहा है। विधायक ने बैंक के सामने तंबू-पंडाल इसलिए टांगा ताकि यहां के कर्मचारियों का कृत्य सामने आ सके। इधर सरगुजा संभाग में इस बात को लेकर धुंआ तेजी से फैला कि सभी अपने-अपने



बैंक की शाखाओं के सामने बैठकर धरना-प्रदर्शन करने लगे। इन सबके बीच विधायक ने एक महिला की लड़ाई का उदाहरण देकर पड़ोसी महिला ही नहीं, पूर्व गृहमंत्री व राज्यसभा सदस्य रामविचार नेताम के द्वारा बलरामपुर जिला मुख्यालय में की गई टीका टिप्पणी को लेकर ऐसे शब्दों का प्रयोग किया, वो भी खुले मंच से, जिसे सामान्य लोग सुनकर दंग रह गए। इसे निर्वाचित विधायक की बदजुबानी की संज्ञा दी जाने लगी। यह बात दिगर है कि इनकी बातों को जोक्स समझकर पंडाल के नीचे बैठे लोग तालियां भी बजाते नजर आए। क्षेत्र के ही लोगों का कहना है कि यह पहला मौका नहीं है, वे अंबिकापुर विधायक टीएस सिंहदेव पर भी गंभीर आरोप लगा चुके हैं। आखिर उन्होंने ऐसे शब्दों का सार्वजनिक मंच से क्यों किया प्रयोग, तालियां भी बटोरीं, क्या इसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा छह अप्रैल को आपस में मिल-बैठकर सुलझाने जैसी क्लीन चिट से जोड़कर देखा जाए, इसे लेकर सवाल उठ रहे है...इसका जवाब विधायक बृहस्पत सिंह ही दे सकते हैं।

# यूनिवर्सल हेल्थ स्कीम को साकार कर रहे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर में खुलने वाले एक अन्य हमर क्लीनिक, शहरी हेल्थ और वेलनेस सेंटर का भूमिपूजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव द्वारा बरेज तलाब के निकट किया गया। अंबिकापुर शहर में कुल 16 हमर क्लीनिक खुलने की स्वीकृति मिली है। भूमिपूजन के उपरांत सभा को संबोधित करते हुए आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का लक्ष्य प्रत्येक दो वार्ड पर एक हमर क्लिनिक खोलने की है, इसके अनुरूप करवाई चल रही है। श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त केबिनेट मंत्री शफी अहमद ने कहा कि टीएस सिंहदेव के स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। आजादी के बाद से 2018 तक जितने काम हुए, उससे दसियों गुना ज्यादा काम पिछले चार वर्ष में हुआ है। भूमिपूजन के उपरांत हुई सभा को औषधीय पादप बोर्ड अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त केबिनेट मंत्री बालकृष्ण पाठक एवं महापौर डॉ. अजय तिर्की ने भी संबोधित किया।



कार्यक्रम में डॉ. जेपी श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, मो. इस्लाम, शफीक खान, रूही गजाला, नुजहत फातिमा, मो. हसन, शैलेंद्र सोनी, अनूप मेहता, अशफाक अली, आशीष वर्मा, गुरुप्रीत सिंधु, मो. कलीम, मो. काजू खान, मो. बाबर, विकल झा, प्रतिका विश्वकर्मा, रजनीश सिंह, नितेश केशरी, चंद्रभूषण सिंह, विकास केशरी, अनिल अग्रवाल सहित काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### तीन वार्ड की 10 हजार आबादी को मिलेगा लाभ

बरेज तालाब के बगल में जिस स्थान का चयन हमर क्लीनिक के लिए किया गया है, वो अग्रसेन वार्ड और जाकिर हुसैन वार्ड के मध्य है। विवेकानंद वार्ड का एक हिस्सा भी इससे लगा हुआ है।। स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव की महत्वकांक्षी योजना यूनिवर्सल हेल्थ स्कीम के संदर्भ में स्थापित होने वाले इस हमर क्लीनिक में एक एमबीबीएस डॉक्टर सहित 4 कर्मचारियों का स्टॉफ रहेगा।

### जांच के लिए सैंपल कलेक्शन की भी सुविधा

मौसमी बीमारियों सहित छोटी-मोटी व्याधियों का इलाज इसी क्लीनिक में हो जाएगा। सिकलिंग, हीमोग्लोबिन, शुगर, प्रेग्नेंसी, एड्स, मलेरिया जैसे टेस्ट यहीं हो पाएंगे, साथ ही केंद्रीय प्रयोगशाला में भेजने के लिए अन्य बीमारियों के टेस्ट का सैंपल कलेक्शन भी होगा। यहां पर 46 प्रकार की दवाएं भी मिलेगी। दो पाली में चलने वाले हमर क्लीनिक के ओपीडी सहित सभी सुविधाएं जरूरतमंदों को निःशुल्क मिलेंगी।

# अंतर्राज्यीय अपराधी लग्जरी वाहन में निकलते थे बैटरी चोरी करने

## मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी के बाद खपाते थे कबाड़ियों को

- पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 47 नग बैटरी बरामद किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले में लगातार हो रही मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी का पर्दाफास करते हुए चांदो पुलिस अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। लंबे समय से इनके द्वारा टॉवरों से बैटरी चोरी की जा रही थी। पकड़ में आए चोरों की मुलाकात जेल में हुई, यहां रहते इन्होंने मोबाइल टॉवरों से बैटरी चोरी करने की योजना बनाई थी। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने दोनों टॉवर से चोरी गई 47 नग बैटरी बरामद कर ली है, जिसकी कीमत लगभग दो लाख 25 हजार रुपये है।

बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मामले का पर्दाफास करते हुए बताया नितेश कुमार सिंह ग्राम रामगढ़ थाना छतरपुर झारखंड, चांदो रोड बलरामपुर ने मोबाइल टॉवरों से बैटरी चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराया था, जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना में पुलिस लगी थी। अज्ञात आरोपियों के तलाश में लगी पुलिस को इस दौरान सीतापुर थाना क्षेत्र के गोल्डन उर्फ अनीश खान 24 वर्ष, राजकुमार सिंह पिता चमरू सिंह, कुसमी थाना क्षेत्र के विवेक गुप्ता 28 वर्ष, फैजान अंसारी 25 वर्ष, बगीचा थाना क्षेत्र का मजबूला 40 वर्ष व सरोज अंसारी 40 वर्ष नि. थाना घाघरा जिला गुमला झारखंड हाथ लगे, पुलिस ने इनसे पूछताछ किया जो आरोपियों ने जुर्म स्वीकार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी 27 मार्च 2023 को ओमकारनगर स्कूल के पास टॉवर के रूम का ताला तोड़कर एवं अन्य साथी के सहयोग से टॉवर का बैटरी 24 नग चोरी किया था। वहीं मगाजी में टॉवर का 23 नग बैटरी चोरी करना बताया। सभी आरोपी वाहन क्रमांक यूपी 16 वी 9666, इंडिगो कार क्रमांक सीजी 15बी 5009 एवं स्कॉर्पियो क्रमांक ओआर 11जी 5983 में सवार होकर चोरी करने आए थे। इन्होंने सभी बैटरी को कंठी घाट के जंगल में छिपाकर रखा था। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त वाहनों को जप्त किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी संपत पोटाई, चौकी प्रभारी गणेश मोड़ सतीश सोनवानी, थाना प्रभारी सामरीपाठ अर्जुन यादव, राजकिशोर खलखो, मरियानुस खलखो, हेमचरण वारंगे, संदीप कुजूर, मिथलेश पाठक, हरिशंकर यादव, आरक्षक अमित निकुंज, साइबर सेल जगदम साय, अफजल खान, आरक्षक 460 जनार्दन तिवारी, रंजन सिंह, सुखमन कुमार, विनोद कुमार, आशीष बरगाह शामिल थे।





### जेल में बनाई थी योजना

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी गोल्डन उर्फ अनीस खान आदतन अपराधी है। पिछले वर्ष 2022 में बलरामपुर जिले के बकरा-बकरी चोरी के छह प्रकरण में उसका चालान हो चुका है। रामानुजगंज जेल में वर्ष 2021-22 में गोल्डन उर्फ अनीश, विवेक गुप्ता, सद्दाम, भाकिर, छोटू उर्फ तौसीफ निरूद्ध थे, यहां इन्होंने जेल से बाहर निकलने के बाद टॉवर की बैटरी चोरी करने की योजना बनाई थी। योजना के तहत जशपुर जिले के ग्राम तपकरा के टॉवर से 15 नग बैटरी, कुनकुरी क्षेत्र से दो टॉवर 40 नग बैटरी चोरी करने के बाद आरोपी इसे औरंगजेब (लंगड़ा) निवासी ग्राम कुसमी के पास बेचे थे। औरंगजेब लंगड़ा ग्राम रंका झारखंड के कबाड़ी प्रदीप साव को बैटरी को बेचा था। इन्होंने बंदरचुआ व कांसाबेल से 20-20 नग बैटरी चोरी कर गुमला झारखंड के सरोज व फैजान कबाड़ी को बेचा था। आरोपी अपने स्कॉर्पियो वाहन से चोरी किया गया टॉवर का बैटरी फैजान कबाड़ी निवासी कुसमी गुमला, कल्लू कबाड़ी, खुर्शीद कबाड़ी को बिक्री करता था। आरोपी सद्दाम व दो अन्य ओंकारनगर एवं मगाजी की घटना में शामिल थे, जिनका नाम आरोपियों ने नहीं बताया है। छोटू उर्फ तौसीफ अंसारी निवासी बर्कली थाना कुसमी वर्तमान में फरार है, जिसके तलाश में पुलिस लगी है।

# पुलिस अधीक्षक सरगुजा गांधीनगर व कमलेश्वरपुर थाना प्रभारी पर बिफरी

## अपराधों के निकाल में धीमी गति देख जारी किए कड़े दिशा-निर्देश

- समीक्षा बैठक में गंभीर अपराधों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर अपराध की समीक्षा की गई। उन्होंने लंबित प्रकरणों के निकाल में धीमी गति पाए जाने पर थाना गांधीनगर एवं कमलेश्वरपुर को सख्त हिदायत दी और बीट आरक्षक के माध्यम से सूचना तंत्र को मजबूत व विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने के दिशा-निर्देश दिए। गंभीर अपराधों के निराकरण में एविडेंस कलेक्शन की प्रभावी व्यवस्था बनाने हेतु निर्देशित किया। संपत्ति संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों पर पैनी नजर रख सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में इन्वेस्टीगेटर ऑफ द मंथ एवं गंभीर अपराधों में सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर में जिले की पुलिस के राजपात्रित अधिकारियों सहित सभी थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा, गुम इंसान, मर्ग निकाल, शिकायत निकाल, साइबर अपराध से संबंधित मामलों में प्रकरण की जानकारी ली, साथ ही लंबित प्रकरणों के जल्द निकाल के दिशा-निर्देश दिए। लंबित प्रकरणों के निकाल में धीमी गति पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर एवं थाना प्रभारी गांधीनगर को सख्त हिदायत के साथ कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। गुम इंसान के पुराने मामलों के दस्तयाबी हेतु प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर अधिक से अधिक गुम महिला, बालिका दस्तयाब करने के दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति संबंधी अपराधों के निराकरण में तेजी लाते हुए प्रकरण के आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई



करने एवं थाना क्षेत्र में मुखबिर, सूचनातंत्र विकसित करने के साथ-साथ थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बीट आरक्षक की पकड़ मजबूत हो, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिले में दुपहिया वाहन चोरी, ड्रग तस्करी के मामलों में शामिल आरोपियों का डाटाबेस पुलिस अधीक्षक के समक्ष थानावार पेश किया गया। उन्होंने उक्त मामलों में शामिल सभी आरोपियों पर जमानत पश्चात लगातार पैनी नजर रखने हेतु पुलिस टीम को निर्देशित किया। किसी भी संदिग्ध गतिविधि में संदेही के विरुद्ध तत्काल प्रतिबंधात्मक कार्रवाई एवं निगरानी खोलने के दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक ने थाना व चौकी प्रभारियों को गंभीर अपराधों में विवेचना के दौरान एविडेंस कलेक्शन पर विशेष दिशा-निर्देश देते हुए घटनास्थल व पीड़ितों से प्राप्त आवश्यक बारीकी साक्ष्य एकत्रित करने हेतु निर्देश दिए। गंभीर प्रकरणों की विवेचना में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### सहायक उप निरीक्षक विवेक पांडेय इन्वेस्टीगेटर ऑफ द मंथ

बैठक के दौरान इन्वेस्टीगेटर ऑफ द मंथ के तहत सहायक उप निरीक्षक विवेक पांडेय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही मणिपुर थाना क्षेत्र में हुई चोरियो का पर्दाफास, सामूहिक दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई एवं ठगी के प्रकरण में तत्काल पांच लाख रुपये रिकवर करने पर सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने पुलिस टीम को भविष्य में भी बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

# एयरपोर्ट अथॉरिटी मां महामाया एयरपोर्ट के रन-वे की मजबूती परीक्षण की तैयारी में



- आगामी 11 अप्रैल से फिक्शन टेस्ट की संभावना, खाद्य मंत्री ने उन्नयन कार्य का किया निरीक्षण

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा से जल्द ही हवाई उड़ान की संभावना बनती नजर आ रही है। आगामी दो से तीन दिनों में रन-वे की फिक्शन टेस्ट प्रस्तावित है। इसका मकसद रन-वे की गुणवत्ता का आंकलन करना है। इसके बाद रन-वे में लैंडिंग व टेक ऑफ का ट्रायल भी संभावित है। अंबिकापुर व सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक के साथ ही जिला प्रशासन अब तक दर्जनों बार एयरपोर्ट के कार्यों की प्रगति का स्वयं मौके पर पहुंच कर अवलोकन कर चुके हैं। इनके द्वारा हर बार कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए, साथ ही गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न रहे, इसका ध्यान रखने के लिए कहा था। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने शुक्रवार को पुनः दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट के उन्नयन कार्यों का निरीक्षण किया और फिनिशिंग के कार्य में तेजी लाकर इसे जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। खाद्य मंत्री श्री भगत ने निर्माणाधीन वॉच टॉवर से एयरपोर्ट का जायजा लिया और वॉच टावर में चल रहे फिनिशिंग के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि निर्माण में तय मापदंड एवं गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें ताकि जांच में किसी प्रकार की कमी न सामने आने पाए। अधिकारियों ने बताया कि रन-वे का कार्य पूरा हो गया है। अब केवल पेंट का काम चल रहा है। रन-वे की लंबाई 1800 मीटर हो गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा रन-वे की फिक्सन टेस्ट अगले दो-तीन दिनों में प्रस्तावित है। 11 अप्रैल से इस टेस्ट की संभावना है, जिसमें रन-वे की मजबूती का परीक्षण किया जाएगा। चार से पांच दिनों के फिक्शन टेस्ट में सब कुछ सही मिला तो कुछ दिन बाद रन-वे में लैंडिंग व टेक-ऑफ का भी ट्रायल हो सकता है।

### सड़क निर्माण का भूमिपूजन



खाद्य मंत्री ने अंबिकापुर जनपद के ग्राम नवानगर में पीएमजीएसवाय के तहत 267.36 लाख रुपये की लागत से सड़क नवीनीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इस सड़क की लंबाई करीब 12.75 किलोमीटर है। इसके साथ ही ग्राम बड़ादमाली में बइगापारा से खिरखिरीपारा सड़क निर्माण कार्य का भी उन्होंने भूमिपूजन किया। इस दौरान कृषक कल्याण परिषद के सदस्य संजय गुप्ता सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे।

# गुडफ्राइडे मानव मुक्ति के लिए येशु के बलिदान का दिन: अंतोनी बड़ा

## महागिरिजाघर में परंपरागत तरीके से हुए विविध कार्यक्रम

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मसीही समाज ने पवित्र सप्ताह गुड फ्राइडे परंपरागत तरीके से मनाया। गुड फ्राइडे के दिन यीशु को क्रुसित कर सूली पर चढ़ाया गया था, इस दिन को याद कर मसीही समाज के लोग भक्ति, आराधना में लीन रहे। गुड फ्राइडे के अवसर पर संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के नवापारा स्थित बेदाग ईशमाता महागिरिजाघर में विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। बिशप अंतोनिस बड़ा, फादर विलियम उर्रे व पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर की अगुवाई में समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए।

विदित हो कि आज के दिन ही राजा पिलातयूस ने प्रभु यीशु को मृत्युदंड की सजा सुनाकर यीशु के ही कंधे पर क्रूस लादकर उन्हें कलवारी पहाड़ ले जाने का आदेश दिया था और सूली पर चढ़ा दिया गया था। प्रभु यीशु ने जिस तरह दुःख भोग किया, उन्हीं पलों को याद कर दोपहर दो बजे से क्रूस रास्ता कार्यक्रम बिशप हाउस फादर्स व उर्सुलाइन सिस्टर्स की अगुवाई में हुआ। इसके पश्चात अंबिकापुर धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप अंतोनी बड़ा ने पवित्र शुक्रवार पर विशेष धर्मविधि के अनुष्ठानों को संपन्न कराते हुए कहा कि आज का दिन मानव मुक्ति के लिए यीशु के बलिदान का दिन है। इंसान को दैनिक दिनचर्या के दौरान आने वाले दुःख, मुसीबत, बाधा, व्यवधान को नए नजरिए से देखने की जरूरत है। हमारी भलाई व अच्छाइयां इसी में निहित हैं। यीशु ने अपना शरीर व रक्त हमें समर्पित कर हमारी मुक्ति के रास्ते खोल दिए। क्रूस हमारे जीवन के असली प्रेम का प्रतीक है। इस दौरान पवित्र बाइबिल से दो पाठ का वाचन युवा संघ के प्रवीण मिंज व शालिनी के द्वारा किया गया। प्रभु येशु के दुःख भोग कथा का वाचन सेंट जेवियर ग्रुप ने



कर उन पलों को स्मरण किया। बीच-बीच में भक्तिमय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति होलीक्रॉस पटपरिया व आशा निकुंज पटपरिया की टीम ने की, जो भक्तों के बीच माहौल को दुःख भोगमय बना रही थी। इस अवसर पर पूर्व महापौर प्रबोध मिंज, कॉथलिक सभापति राजेन्द्र तिग्गा, बीरेंद्र टोप्पो, जगजीत मिंज, अजय अरुण मिंज, डॉ. रविन्द्र टीगा, डॉ. युगल कुजूर, अशोकजोन कुजूर, राजू तिर्की, भानु खलखो, फादर अविरा, फादर अमृत टोप्पो, फादर कल्यानुस, फादर अनुरंजन, फादर मुक्ति, फादर पीटर, संत अन्ना सिस्टर्स, होलीक्रास सिस्टर्स, उर्सुलाइन सिस्टर्स सहित बड़ी संख्या में मसीहीजन उपस्थित थे।

### क्यों कहते हैं गुड फ्राइडे

पिलातयुस ने कैसे अन्याय पूर्वक प्रभु यीशु को प्राण दंड की सजा सुनाया था। कैसे उनके अपने चेलों ने ही विश्वासघात किया था। कैसे यूजस ने उन्हें शत्रु के हाथ भेज दिया था। कैसे उसी का चेला पेत्रुस तीन बार सजा से इंकार कर दिया था। रोमन शासक प्रशासक व सैनिक अपशब्द कहकर उनकी खिल्ली उड़ा रहे थे, उन्हें कोड़ों से भी मारा गया, क्रूस पर भी लटका दिया गया, लेकिन फिर भी इस दिन को गुड फ्राइडे कहते हैं। यही वह दिन है जिस दिन प्रभु येशु अपने स्वर्गीय पिता की मानव मुक्ति की योजना को पूरा करते हैं, निश्चय ही यह बड़ा बलिदान है।





# सरगुजा पुलिस का दौड़ व 10 किमी साइकिल रेस आयोजन कल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस के फिट काप फिट सिटी अभियान के तहत दौड़ एवं साइकिल रेस का आयोजन किया गया है। गांधी स्टेडियम में दो किलोमीटर दौड़ के बाद वॉटर पार्क तक 10 किलोमीटर साइकिलिंग रेस का आयोजन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन में पुलिस बल एवं आम नागरिकों के लिए निरंतर फिट काप फिट सिटी का आयोजन हो रहा है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सरगुजा पुलिस बल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से फिट काप फिट सिटी कार्यक्रम का निरंतर संचालन करने में लगी हैं। कार्यक्रम अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर वर्तमान में हो रहे अपराध एवं बचाव के संबंध में भी आम नागरिकों को जागरूक किया जाता है। इसी क्रम में रविवार, नौ अप्रैल को शहर के गांधी स्टेडियम में प्रातः 5:30 बजे दो किलोमीटर दौड़ एवं दौड के बाद गांधी स्टेडियम से 10 किलोमीटर की साइकिल रेस प्रारंभ होगी, जो वॉटर पार्क तक पहुंचकर वापस गांधी स्टेडियम में समाप्त होगी। साइकिल रेस के पश्चात गांधी स्टेडियम में जुम्बा, योग का कार्यक्रम संचालित होगा। योग एवं जुम्बा के बाद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं भी शामिल हो सकते हैं। सरगुजा पुलिस के अभियान फिट काप फिट सिटी में आम नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है। साइकिल रेस के लिए साइकिल लेकर आने कहा गया है।

# भाजपा मंडल शिवनन्दनपुर व बिश्रामपुर ने मनाया स्थापना दिवस

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** भाजपा के 44 वें स्थापना दिवस पर मंडल शिवनंदनपुर व बिश्रामपुर में बूथ स्तर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत कुंजनगर के मतदान क्रमांक 226 में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय गोयल के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम एससी समुदाय के 2 वर्ष बालक केशव से ध्वजारोहण कराया गया। इसके पश्चात डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रचलित किया गया। मुख्य अतिथि श्री गोयल द्वारा भाजपा के स्थापना दिवस से 6 से 14 अप्रैल तक चलने वाले सामाजिक समरसता के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सामाजिक समरसता करके हनुमान चालीसा पढ़कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। भारतीय संस्कृति की जानकारी अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को दी गई।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, मंडल महामंत्री संदीप सरकार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन बर्मन, हरीश राजवाड़े, मतदान केंद्र अध्यक्ष विनोद, देवेंद्र सोनवानी, फुलवसिया राजवाड़े, भारत राजवाड़े, एससी समुदाय से श्रीमती मीना, विशाहू, संतोष, सोहन, धर्मेंद्र, अजय रवि, ओम, किस्मतिया, शकुंतला, मोहन, मनोहर, सुभाष, अशोक, भारत, राम बाई, ताराबाई, शिवकुमार, पूजा, संगीता व अन्य उपस्थित थे। इसी तरह विश्रामपुर बूथ क्रमांक 99 के गार्डन प्रांगण में भाजपा स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम भारत माता, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं.दिनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित की गई। कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का अपने-अपने घरों में झंडा लगाया गया। भाजपा महिला मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी ज्योति सिंह ने कहा कि आज गर्व का विषय है कि हम सभी भाजपा के सदस्य व पदाधिकारी हैं। जिस पार्टी पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का दर्जा प्राप्त है। देश के सर्वाधिक राज्य में भाजपा की सरकार है। उन्होंने पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उनके बलिदान को पार्टी व देश कभी भुल नहीं पाएगा। इस दौरान दीपेंद्र सिंह चौहान, सूरज सेठी, अवनीश सिंह, अंकित सिंह चौहान, सोमेन चक्रवती, स्वामी कुमार, शुभम सिंह, संतोषी गुप्ता, रानी सिंह, किरन मानिकपुरी, अंजू व अन्य उपस्थित थे।





## डीपीटी एवं डीपीएमटी में नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** सिपेट रायपुर एवं कोरबा में संचालित डिप्लोमा डीपीटी एवं डीपीएमटी ( डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी एवं डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी) में डिप्लोमा और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठयक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में प्रवेश लेने के लिए जिले के प्रत्यक्ष खनिज कोयला खदान ग्राम एवं जनपद सूरजपुर, प्रेमनगर, प्रतापपुर, रामानुजनगर, ओड़गी तथा भैयाथान के अन्तर्गत प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित ग्राम के छात्र-छात्राओं से पात्रता अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु सहमति सहित इच्छुक छात्र-छात्राओं का आवश्यक दस्तावेज सहित 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं एवं शैक्षणिक योग्यता की छायाप्रति, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आवश्यकतानुसार परिवार के मुखिया का आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति भारत सरकार द्वारा प्रायोजित रोजगारमूलक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णत: नि:शुल्क है।

जिसमें प्रशिक्षणर्थी हेतु भोजन, आवास, यूनिफार्म, पाठ्य सामग्री आदि इंस्टीट्यूट द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते है।

## कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के रामलाल बने जिला महामंत्री



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष चोलेश्वर चंद्राकर की अनुशंसा पर संगठन के सूरजपुर जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू द्वारा नगर के युवा नेता व विधायक प्रतिनिधि रामलाल सोनी को पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रकोष्ठ का सूरजपुर जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है।

नवनियुक्त जिला महामंत्री रामलाल सोनी ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे जिला कांग्रेस कमेटी ने दी है, उसे मैं हर हाल में निभाने की कोशिश करूंगा। साथ ही प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाकर कांग्रेस पार्टी को और मजबूत बनाने का काम करूंगा। पिछड़ा वर्ग के लिए और मजबूती से काम की जाएगी।

## एनएच किनारे मुक्तिधाम में पेयजल संकट, ग्रामीणों में रोष

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पार्वतीपुर में स्थित मुक्तिधाम में पेयजल संकट की वजह से आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों द्वारा आमजन की उक्त गंभीर समस्या की ओर ध्यान न दिए जाने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। विकासखंड सूरजपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पार्वतीपुर जो कि एनएच 43 किनारे स्थित है के मुक्तिधाम में स्थित सौर पैनल बोरवेल एवं हैंडपंप गत दो महीने से खराब पड़ा हुआ है। यहां पर पानी की समस्या निर्मित होने से अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों के अलावे एनएच के राहगीरों को पेयजल संकट से जूझने विवश होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त अव्यवस्था की ओर न तो कोई जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और न ही कोई अधिकारी। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतने विवश होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि उक्त समस्या निजात दिलाए जाने कोई पहल नहीं की गई तो ग्रामीणों को मजबूरन उग्र आंदोलन करने विवश होना पड़ेगा।



# संकटमोचन हनुमान मंदिर करवां में भक्तिभाव से मना जन्मोत्सव

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत करवां में स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव भक्तिभाव व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्तों द्वारा यहां पर विविध अनुष्ठान कराए जाने के साथ ही भव्य भंडारे की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम पंचायत करवां में स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से मन्दिर में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की गई। यहां पर अखंड रामायण पाठ के अलावे भव्य भंडारा की भी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी।

बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने यहां पहुंचकर पूजा अर्चना कर आमजन की खुशहाली की कामना की। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल ने किया भंडारा का आयोजन, सैकड़ों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**दतिमा मोड़।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इकाई दतिमा के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान मंदिर राई में सुबह आरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। हनुमान जी के प्रतिमा पर विधिवत पूजा अर्चना हुई। जय श्री राम और जय हनुमान के जयघोष से आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस बीच पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। उसके बाद शाम को दतिमा चौक में भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान बजरंग दल के अविनाश यादव ने बताया कि इस वर्ष हमारे टीम के द्वारा भंडारा का आयोजन प्रारंभ किया गया। आयोजन इस पावन दिन पर बजरंग दल के सभी सदस्यों के सहयोग से की गई। जिसमे सैकड़ो लोगो के भोग ग्रहण किया।

मौके पर कान्हा शर्मा, अनूप जायसवाल, अशोक यादव, नीलकमल, सुधीर, अभय जायसवाल, राजेश यादव, अमन देवांगन, भारत, अश्वनी देवांगन, चंदन यादव, वरुण देवांगन, ओम प्रकाश यादव, राजेश्वर यादव सक्रिय रहे।

## जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता हेतु साक्षात्कार 12 अप्रैल को

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) 2000 एवं नियम 2007 यथा नियम 2012 के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में मानव संसाधन के रूप में क्रमश: जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता की नियुक्ति 13 मार्च 2023 के द्वारा प्रकाशित मेरिट सूची के आधार पर किया जाना है, जिस हेतु साक्षात्कार ( Interview)12 अप्रैल 2023 को समय 12:00 बजे से कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरजपुर में आयोजित है।

अत: मेरिट सूची के सरल क्रमांक 01 से 10 के अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होयें।

# विवाद पर पत्नी ने फरसा से पति पर किया हमला, आरोपी पत्नी गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत द्वारिकानगर के गाड़ा झरिया में मामूली विवाद पर पत्नी ने पति के सिर पर फरसा से हमला कर दिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस द्वारा आरोपिया पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारिकानगर गाड़ाझरिया निवासी शिवधरन उर्फ धनु गोंड का गुरुवार की सुबह पत्नी राम बाई के साथ मामूली विवाद हो गया था। पुलिस ने बताया कि पति धनु जब सुबह महुआ बीनने के बाद वापस घर लौटा तब पत्नी ने कहा कि खाना खा लो। तब पति ने कहा कि बकरा को बेचकर पैसा अकेले रख लेती हो कहकर विवाद करने लगा। इसी बात से नाराज होकर पत्नी ने घर में रखे फरसा से पति के सिर पर कई वार कर दिए थे। गंभीर हालत में पति धनु गोंड को मेडिकल कालेज अस्पताल अंबिकापुर में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान देर रात में पति की मौत हो गई। पुलिस द्वारा घटना के बाद से फरार आरोपी पत्नी राम बाई की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपिया महिला घटना के बाद अंबिकापुर के लक्ष्मीपुर में स्थित अपने बहन की बेटी के घर के चली गई थी। आज सुबह वहां से भी निकलकर भागने की फिराक में थी, तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए आरोपिया महिला 55 वर्षीय राम बाई को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। पुलिस द्वारा आरोपी महिला के खिलाफ धारा 302 के तहत कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि आरोपी दंपत्ति नि:संतान थे, जिस वजह से पति द्वारा आएदिन विवाद कर व्यंग्य कसते हुए विवाद किया जाता था, इस वजह से आरोपी महिला द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिए जाने की बात क्षेत्रवासियों द्वारा बताई जा रही है।

कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी धनंजय पाठक, सहायक उपनिरीक्षक अरविंद सिंह, प्रधान आरक्षक उदय सिंह, पिंगल मिंज, आरक्षक अंबिका, नन्दू राजवाड़े, शोभनाथ कुशवाहा, महिला आरक्षक शांति, पदमा व अन्य सक्रिय रहे।



## मेडिकल बोर्ड की बैठक 12 अप्रैल को

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने जानकारी दी है कि 07 अप्रैल को गुड-फ्राईडे एवं 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती पर शासकीय अवकाश होने के कारण जिला चिकित्सालय बलरामपुर में होने वाली जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक 12 अप्रैल दिन बुधवार को आयोजित की गई है।

## ऑनलाइन आवदनों का हो रहा सत्यापन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भश्रा के लिए आवदकों के द्वारा ऑनलाइन किये गये आवेदन का बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र बेरोजगारों की लॉटरी जल्द खुलने वाली हैं, उनके द्वारा बेरोजगारी भत्ता के लिए भरे ऑनलाईन आवेदनों का परीक्षण किया जा रहा है। इस हेतु जिला अंतर्गत प्रत्येक पांच ग्राम पंचायतों का एक कलस्टर बनाया गया है। जहां आवदकों के द्वारा ऑनलाइन किये गये आवेदन का मूलत: दस्तावेजों का सत्यापन हेतु गठित टीम के द्वारा इस संबंध में जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुये योग्य बेरोजगार आवेदक का पात्रता का चयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

जिला अंतर्गत कलस्टर ग्राम भुवनेश्वरपुर निवासी श्री सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा दी जा रही बेरोजगारी भत्ता से हम जैसे गरीब परिवार के युवाओं को बहुत राहत मिलेगी। इससे हमें पढ़ाई के लिए छोटी-छोटी आवश्यकताओं में बहुत सहयोग मिलेगा। इस पहल के लिए मैं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देता हं। वहीं गिरवरगंज निवासी श्री तुलसाय ने बताया कि मुझे बेरोजगारी भत्ता मिलने से मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार होगी। हमारे सपनों को मिलेगी नई उड़ान तथा इससे हमारी छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, आगे पढ़ाई में मदद् भी मिलेगी। ग्राम केवरा निवासी श्री विश्वनाथ कुशवाहा ने बताया कि राज्य सरकार यह बहुत अच्छी पहल है। इससे बेरोजगार युवाओं को फायदा होना तय है तथा कौशल योजना के तहत् प्रशिक्षण प्राप्त कर हमें रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। जिससे हमारे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# लूट के मामले में फरार दूसरा आरोपी गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** राजमिस्त्री को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर मोबाईल व नगदी लूटने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने सप्ताहभर बाद गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। पुलिस ने बताया कि भैयाथान ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत करौटी निवासी राजमिस्त्री प्रार्थी रविन्द्र कुमार प्रजापति गतदिनों 27 फरवरी को नगर पंचायत के एसएलआरएम सेंटर के बाउंड्रीवाल में काम करके रात में सहकर्मियों का साथ सो रहा था। तभी रात में आरोपी क्रमश: आरटीआई कालोनी निवासी आशीष दुबे व उसका साथी धीरेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ गुडडू पिता सुरेंद्र प्रताप ने प्रार्थी के पास कमरे में जाकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर प्रार्थी के मोबाईल व उसके पास पैकेट में रखे 1500 रुपए नगदी को लूट लिए थे। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी आशीष दुबे को घटना के दूसरे दिवस ही गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया था। एक अन्य आरोपी धीरेन्द्र प्रसाद सिंह फरार हो गया था। पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज फरार आरोपी धीरेन्द्र प्रसाद सिंह को गिरफ्तार कर मामले में धारा 294, 506, 323, 452, 392, 34 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश कर दिया है।



## कलेक्टर ने आवेदक को किया चेक प्रदाय

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** आवेदक श्लोक कुमार साहू आत्मज शारदा प्रसाद साहू ग्राम रामपुर, पोस्ट कंचनपुर, तहसील प्रेमनगर का निवासी है, जिनकी माता सुमित्रा साहू कैंसर रोग से पीड़ित है, जिसका ऑपरेशन बालको मेडिकल सेंटर रायपुर में हो रहा है, आवेदक की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण आगे का उपचार नहीं करा पा रहा था। ऐसी स्थिति में आवदेक द्वारा कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के पास आर्थिक सहायता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, कलेक्टर ने आवेदन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संबंधित को आर्थिक सहायता देने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह को निर्देशित किया गया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 39.c

न्यूनतम तापमान 19.c

**बाजार**

सोना 5861/ g

चांदी 56.30/ g

सेंसेक्स 59,106.44

# पीएम मोदी ने भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकताओं को किया संबोधित

**2024 में बीजेपी को कोई हरा नहीं सकता**

एजेंसी



**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि 2024 के आम चुनावों में कोई भी भाजपा को हरा नहीं सकता है, लेकिन पार्टी को चुनाव से परे जाना चाहिए और लोगों का दिल जीतने का लक्ष्य रखना चाहिए। भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि हमें भाजपा को भविष्य की और 21वीं सदी की पार्टी बनाना है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते हमें अति-आत्मविश्वास का शिकार नहीं होना चाहिए। लोग कहते हैं कि 2024 में भाजपा को कोई हरा नहीं सकता, यह सही है, लेकिन एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में, हमें हर नागरिक का दिल जीतना है और चुनाव जीतने से आगे जाना है।

मोदी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो बड़े सपने देखती है, जबकि कांग्रेस को छोटे सपने ही दिखाई देते हैं और उनके नेता एक-दूसरे की प्रशंसा करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में भारत के लोगों ने भारत के पुनर्जागरण की नई यात्रा का शंखनाद कर दिया है। 800 साल से ज्यादा की गुलामी से बाहर निकल कर एक राष्ट्र अपना खोया हुआ गौरव पाने के लिए फिर से उठ खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में दशकों से चली आ रही बुराइयां धीरे-धीरे कमजोर पड़ती जा रही हैं। सन्-47 में अंग्रेज भले ही चले गए लेकिन लोगों को गुलाम रखने की मानसिकता यहीं छोड़ गए। आजादी के बाद देश में ऐसा वर्ग खूब फला-फूला जो सत्ता को अपना जन्मजात हक समझता था।

मोदी ने कहा कि जो देश लोकतंत्र की जननी हो...उसकी जनता के नीर-क्षीर-विवेक पर प्रारंभ से हमारी आस्था रही है और दिनों-दिन वो आस्था और मजबूत होती जा रही है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा देश में एक नए पॉलिटिकल कल्चर का नेतृत्व कर रही है जबकि कांग्रेस और उसके ही जैसे अन्य दलों का कल्चर आप देख सकते हैं। परिवारवाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद के बंधक हैं ये सभी दल, जबकि भाजपा का पॉलिटिकल कल्चर प्रत्येक देशवासी को साथ लेकर चलने का है। कांग्रेस और उसकी जैसी पार्टियों का कल्चर है...छोटा-छोटा सोचना और उस से भी कम हासिल कर के खुशियां मानना। ये एक-दूसरे की पीठ थपथपा कर खुश हैं, जबकि भाजपा का पॉलिटिकल कल्चर है बड़े सपने देखना और उस से भी ज्यादा हासिल करने के लिए जी-जान से जुट जाना।

# निकाय चुनाव से पहले गोरखपुर की जनता को हजारों रुपये की सौगात देंगे मुख्यमंत्री योगी

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर आठ अप्रैल को गोरखपुर आएंगे। यहां अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान वे गोरखपुर की जनता को 1300 करोड़ रुपये भेंट करेंगे। निकाय चुनाव से पहले गोरखपुर की जनता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी सौगात देने आ रहे हैं। ऐसे में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने अपने कार्यक्रम को लेकर बैठक भी की। निकाय चुनाव (यूपी निकाय चुनाव 2023) से पहले गोरखपुर की जनता को बड़ी सौगात मिलने वाली है।

भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह आम कार्यकर्ता हैं। बीजेपी उनके लिए परिवार की तरह है। उन्हें गोरखपुर क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शानदार स्वागत से वे अभिभूत हैं। उनमें कार्यकताओं का उत्साह देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, आज



गोरखपुर महानगर में एक सभा हुई. गोरखपुर जिले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी सौगात देने जा रहे हैं. वह 8 और 9 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आ रहे हैं। वे विकास के नए आयाम में एक नया अध्याय जोड़ने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। बैठक को सभी कार्यकर्ता सफल बनाएंगे। वे आभार व्यक्त करेंगे कि गोरखपुर की जनता उनके साथ खड़ी है।

## उद्घाटन और शिलान्यास समारोह

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के सहजनवा स्थित भोलाराम मस्करा इंटर कॉलेज में 3 एकड़ भूमि पर मिनी स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे. इसे 10.43 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नौ अप्रैल को गोरखपुर के चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के दुबौली में निर्मित ग्रामीण स्टेडियम का भी उद्घाटन करेंगे. आठ अप्रैल को पेप्सिको कंपनी की फैक्ट्री की स्थापना के लिए आयोजित शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे. गीडा में। इस फैक्ट्री से 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें 1 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के आरोपों पर वित्त मंत्री बोलीं, पीएम पर बेबुनियाद आरोप लगाने की हो चुकी है आदत

**नई दिल्ली,** अडानी मामले को लेकर देश के राजनीतिक जबरदस्त तरीके से गर्म है। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण अडानी मामले पर जेपीसी की मांग को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ गया। कांग्रेस की लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा रही है। राहुल गांधी साफ तौर पर कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने अपने मित्र गौतम अडानी को फायदा पहुंचाया है। इसी कड़ी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राहुल गांधी को करारा जवाब दिया है। राहुल गांधी के आरोपों को निर्मला सीतारमण ने पूरी तरीके से बेबुनियाद बताया है और साफ तौर पर कहा है कि कांग्रेस नेता ऐसे आरोप लगाने के आदी हो चुके हैं। वित्र मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि उन्होंने 2019 के चुनावों से पहले ऐसा किया था। वह इसे फिर से कर रहा है। वह इन सभी झूठे आरोपों से कोई सबक नहीं सीखते हैं जो वह प्रधानमंत्री के खिलाफ लगाना चाहते हैं।

# फिल्म की रेटिंग के नाम पर महिला से 76 लाख से भी अधिक की ठगी

एजेंसी

गुरुग्राम। बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) की एक महिला कर्मचारी से कथित तौर पर एक ठग ने ऑनलाइन धोखाधड़ी करके 76 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर बताया, दिव्या ने एक ऑनलाइन ऐप पर खाता बनाया था और उस पर कई बार पैसे जमा किए थे। पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी को दिव्या को टेलीग्राम ऐप पर मीरा नाम की एक महिला का मैसेज आया था जिसने उसे पार्ट टाइम नौकरी की पेशकश की। जिसके दो दिनों बाद, उसे व्हाट्सऐप पर एक महिला के संदेश आने लगे, जिसने खुद को तेजस्वी बताया। पुलिस ने बताया कि तेजस्वी ने दिव्या को बताया कि उसका काम ऐप पर फिल्मों की रेटिंग करना है और उसे खुद को ऐप पर रजिस्टर करने और रेटिंग शुरू करने के लिए कहा।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के हवाले से बताया, कॉलर ने मुझे बताया कि मुझे हर दिन कम से कम एक सेट पूरा करना होगा। प्रत्येक सेट में 28 फिल्में रेट की जानी थीं। रेटिंग शुरू करने के लिए, खाते को 10,500 रुपये से रिचार्ज करना होगा। सेट पूरा होने के बाद ही वो अपने पैसे वापस ले सकती है। पुलिस ने बताया कि महिला ने इसी तरह थोड़ा-थोड़ा करके 76 लाख रुपये से भी अधिक की राशि जमा करवायी। जिसके बाद महिला को एहसास हुआ की उसके साथ ठगी हुई है। पुलिस ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# आ गयी कोरोना वायरस की चौथी लहर!

## 24 घंटे में आये 5000 से ज्यादा मामले, एक्टिव केस 25 हजार के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली,** कोरोना वायरस महामारी लगता है एक बार फिर से लौट रही हैं। पिछले बीते दिनों में लगातार कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में दैनिक कोविड -19 मामलों ने पिछले 24 घंटों में 5,335 मामलों सामने आये हैं। सक्रिय मामलों की संख्या भी 25,000 के आंकड़े को पार कर गई है। वर्तमान में, 25,587 सक्रिय मामले हैं। दैनिक सकारात्मकता दर वर्तमान में 3.32% है।



### भारत में फिर से बढ़ रहे हैं कोरोना केस

भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 5,335 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,39,054 हो गई है। पिछले 195 दिन में सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 25,587 पर पहुंच गई है। देश में पिछले साल 23 सितंबर को संक्रमण के 5,383 दैनिक मामले सामने आए थे।

### भारत के किन राज्यों में सबसे ज्यादा केस

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में दो-दो और केरल तथा पंजाब में एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,30,929 हो गई।

# गृह मंत्रालय ने ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 के कथित उल्लंघन के मामले में ऑक्सफैम इंडिया के कामकाज की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सिफारिश की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने पाया कि ऑक्सफैम इंडिया ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत पंजीकृत होने के बावजूद विभिन्न संस्थाओं को विदेशी योगदान भेजना जारी रखा। यह कानून इस तरह रकम के हस्तांतरण को प्रतिबंधित करता है।

सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के दौरान कई ई-मेल पाए गए, जिनसे पता चला कि ऑक्सफैम इंडिया अन्य एफसीआरए-पंजीकृत संगठनों को धन भेजकर या लाभकारी परामर्श मार्ग के माध्यम से एफसीआरए के प्रावधानों को दरकिनार करने की कथित तौर पर योजना बना रहा था। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण ने ऑक्सफैम इंडिया को विदेशी संगठनों या इकाइयों की विदेश नीति के एक संभावित साधन के रूप में उजागर किया, जिन्होंने वर्षों से संगठन को उदारतापूर्वक वित्त पोषित किया है। सूत्रों ने कहा कि सामाजिक गतिविधियों के लिए पंजीकृत ऑक्सफैम इंडिया ने कथित तौर पर कमीशन के रूप में अपने सहयोगियों और कर्मचारियों के माध्यम से सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) को धन भेजा। उन्होंने कहा कि इन निष्कर्षों के बाद, गृह मंत्रालय ने ऑक्सफैम इंडिया के कामकाज की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की।

# लोकसभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा की बैठक बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। बजट सत्र के दौरान सदन में कुल 45 घंटे 55 मिनट कामकाज हुआ। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा हालांकि विपक्ष की अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित किए जाने की मांग और लोकतंत्र को लेकर लंदन में राहुल गांधी द्वारा की गई एक टिप्पणी पर सत्ता पक्ष द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष से माफी मांगने पर जोर देने के कारण हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया। बृहस्पतिवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने पर काले कपड़े पहले कांग्रेस सदस्यों सहित कुछ विपक्षी दलों के सांसद आसन के समीप आकर जेपीसी की मांग को लेकर



नारेबाजी करने लगे। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बजट सत्र के दौरान हुए कामकाज का लेखजोखा प्रस्तुत किया।

बिरला ने कहा कि 17वीं लोकसभा के 11वें सत्र की शुरूआज 31 जनवरी को हुई जिस दिन राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण दिया। इस पर 13 घंटे 44 मिनट तक चर्चा चली और प्रधानमंत्री ने इसका जवाब दिया। सभा ने सर्वसम्मति से अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को पारित किया। उन्होंने बताया कि इस सत्र के दौरान सदन में लगभग 45 घंटे 55 मिनट तक कामकाज हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि वित्त मंत्री ने एक फरवरी को वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। सदन में इस पर 14 घंटे और 45 मिनट तक चर्चा हुई और वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) ने इसका जवाब दिया। उन्होंने बताया कि सदन ने अनुदान की मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक को मंजूरी दी। सत्र के दौरान 8 विधेयक पुनः स्थापित किए गए और पांच विधेयक पारित हुए। बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान 29 तारंकित प्रश्नों के उत्तर दिये गए और 133 लोक महत्व के विषय उठाये गए।

स्थायी समितियों के 62 प्रतिवेदन प्रस्तुत किये गए। इस दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्य आपन के समीप नारेबाजी करते रहे। लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि आपका जिस प्रकार का आचरण है, वह सदन की उच्च परंपरा के अनुरूप नहीं है।

# तमिलनाडु में तालाब में अनुष्ठान के दौरान पांच युवक डूबे

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के चेन्नई में बुधवार को मंदिर से जुड़े एक अनुष्ठान के दौरान पांच युवक एक तालाब में डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब पुजारी तथा स्वयंसेवक तालाब में गए और अनुष्ठान के लिए एक घेरा बना लिया। इस दौरान एक व्यक्ति डूब गया और उसे बचाने की कोशिश में चार अन्य युवक भी डूब गए। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शोक संतप्त के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। पुलिस ने बताया कि राजस्व तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और दमकल कर्मियों और बचाव कर्मियों की मदद से शवों को बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए क्रोमपेट सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। चेन्नई के पुलिस आयुक्त शंकर जिवाल ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया और पत्रकारों को बताया कि जान गंवाने वाले युवकों की उम्र 18 से 22 वर्ष के बीच थी। स्थानीय निकाय अधिकारियों के समन्वय से ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

# भारत ने अरूणाचल मुद्दे पर कहा, चीन द्वारा मनगढ़ंत नाम रखने से जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का चीन द्वारा पुनः नामकरण करने को सिरे से खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को फिर दोहराया कि यह राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है और मनगढ़ंत नाम रखने से जमीनी हकीकत बदल नहीं जायेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है कि चीन ने ऐसा प्रयास किया हो और हम पहले की तरह इसे खारिज करते हैं। उन्होंने कहा, हम पहले भी कह चुके हैं कि हम ऐसे प्रयासों (चीन के) को खारिज करते हैं और हम फिर से यही दोहराते हैं।

उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा था, है और रहेगा। उन्होंने कहा, हम अपने रूख पर टिके हुए है और गढ़े गए नाम रखने से यह हकीकत बदल नहीं जायेगी। गौरतलब है कि चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए थे। चीन इस क्षेत्र को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर इस पर अपना दावा करता है। चीन की सरकार द्वारा संचालित ग्लोबल टाइम्स ने सोमवार को अपनी एक खबर में कहा कि मंत्रालय ने रविवार को 11 स्थानों के आधिकारिक नाम जारी किए, जिनमें दो भूमि क्षेत्रों, दो आवासीय क्षेत्रों, पांच पर्वत चोटियों और दो नदियों सहित उनके सटीक निर्देशांक भी दिए गए हैं। इसके अलावा, स्थानों के नाम और उनके अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी सूचीबद्ध की गई है।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने भारत की आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में दावा किया था कि जंगनान चीनी क्षेत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा, स्टेट काउंसिल के भौगोलिक नामों को लेकर प्रशासन के संबंधित नियमों के अनुसार चीन की सरकार के सक्षम अधिकारियों ने जंगनान के कुछ हिस्सों के नामों का मानकीकरण किया है। यह चीन के संप्रभु अधिकारों के दायरे में किया गया है। चीनी मंत्रालय द्वारा अरुणाचल प्रदेश के लिए जारी मानकीकृत भौगोलिक नामों की यह तीसरी सूची है। अरुणाचल में छह स्थानों के मानकीकृत नामों की पहली सूची 2017 में जारी की गई थी, और 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। वहीं, अमेरिका ने कहा है कि वह अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देता है और क्षेत्रीय दावों के तहत स्थानीय इलाकों का नाम बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करता है।

# राहुल और प्रियंका से मिले कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू



एजेंसी

नयी दिल्ली। जेल से रिहा होने के बाद कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने आज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की। इस बात की जानकारी उन्होंने ट्वीट कर दी। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि आज नई दिल्ली में अपने गुरु राहुल जी और मित्र, दार्शनिक, मार्गदर्शक प्रियंका जी से मुलाकात हुई। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि आप मुझे जेल में डाल सकते हैं, मुझे डरा सकते हैं, मेरे सभी वित्तीय खातों को ब्लॉक कर सकते हैं लेकिन पंजाब और मेरे नेताओं के लिए मेरी प्रतिबद्धता न तो झुकेगी और न ही एक इंच पीछे हटेगी !!

वर्ष 1988 के रोड रेज मौत के मामले में करीब 10 महीने जेल में बिताने वाले सिद्धू शनिवार को रिहा हो गए। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सिद्धू को 65 वर्षीय गुरनाम सिंह की मौत के मामले में मई 2022 में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद जेल भेज दिया गया था। कारागार से बाहर आते ही उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा था और आरोप लगाया कि लोकतंत्र बेड़ियों में जकड़ा हुआ है और संस्थान गुलाम हो गए हैं।

# आईआईएमसी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 19 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) में पांच पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए आयोजित इस प्रकिया में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, 2023 है। ऑनलाइन आवेदन पत्र एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

आईआईएमसी में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कॉमन यूनिवर्सिटीज एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी पीजी) 2023 के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। अंग्रेजी पत्रकारिता, हिंदी पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, रेडियो एवं टेलीविजन पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया में पीजी डिप्लोमा में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को 'सीयूईटी पीजी' परीक्षा देनी होगी। प्रश्न पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में होगा।

आईआईएमसी के प्रवेश प्रभारी प्रो. राकेश गोस्वामी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री है, वे आईआईएमसी में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। जो छात्र अपनी स्नातक की डिग्री के अंतिम वर्ष या सेमेस्टर परीक्षा में शामिल हुए हैं या हो रहे हैं, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं। चयन होने पर ऐसे विद्यार्थियों को 30 सितंबर, 2023 तक अपनी प्रोविजनल मार्कशीट या सर्टिफिकेट की मूल प्रति जमा करानी होगी। इन विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूरा होने पर केवल तभी डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा, जब आईआईएमसी के कार्यालय में सत्यापन के लिए वे मूल डिग्री प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। प्रो. गोस्वामी ने बताया कि सीयूईटी (पीजी) सूचना पुस्तिका में, आईआईएमसी के पाठ्यक्रमों को 'सामान्य' कैटेगरी के तहत रखा गया है और प्रश्न पत्र कोड उडदढ17 है। आईआईएमसी में विभिन्न पाठ्यक्रमों के टेस्ट पेपर कोड क्रम संख्या 1043 से 1047 पर हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश परीक्षा से जुड़े अपडेट्स के लिए एनटीए एवं आईआईएमसी की वेबसाइट देखते रहें। प्रो. गोस्वामी के अनुसार किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विद्यार्थी अकादमिक विभाग, भारतीय जन संचार संस्थान, अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा दूरभाष नंबर 011-26742920, 26742940, 26742960 (एक्सटेंशन 233) पर भी संपर्क किया जा सकता है। मोबाइल नंबर 7838055420 के माध्यम से भी आवेदनकर्ता जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर विद्यार्थी व्हाट्सएप के द्वारा जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं, तो मोबाइल नंबर 7014551410 पर संदेश भेज सकते हैं।

चिंतन

## राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर अधिकारों का हनन ना हो

सरकारी नीतियों की आलोचना राष्ट्र विरोध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सरकार की नीतियों और कदमों की आलोचना को एंटी-नेशन नहीं कहा जा सकता है। संविधान के तहत सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार मिला हुआ है, हालांकि इसी के साथ एक अनुशासन भी है कि आप कुछ ऐसा न बोलें, जिससे किसी को ठेस पहुंचे या राष्ट्र के खिलाफ हो। देश की सरकार जनता की चुनी हुई होती है और जनप्रतिनिधि जनता को रिप्रजेंट करते हैं, ऐसे में सरकार की आंतरिक शक्ति जनता के हाथ में होती है। सरकार अगर कोई नीति बनाती है, या कोई फैसला करती है, तो जरूरी नहीं कि वह सबको पसंद ही आए, ऐसे में अगर कोई नागरिक अपनी सरकार की नीतियों या कदमों की आलोचना करता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह राष्ट्र का ही विरोध कर रहा है। भारत के संविधान की आत्मा में ही निहित है कि सरकार की नीतियों पर खुली बहस हो सकती है। देश में यह ट्रेंड भी रहा है कि सरकार जब कोई नई नीति लेकर आती है तो, पहले पब्लिक डोमेन में उस चर्चा करवाती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नीति निर्माण में पब्लिक ओपिनियन का बहुत महत्व होता है। पब्लिक ओपिनियन से सरकार को जनभावना समझने में मदद मिलती है। हाल में पब्लिक ओपिनियन लेने की प्रक्रिया में कमी आई है, तीन कृषि कानूनों को जन विरोध के चलते ही वापस लेना पड़ा। उच्चतम न्यायालय ने एक मलयालम समाचार चैनल पर केंद्र द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को बुधवार को खारिज करते हुए दो टूक कहा कि सरकार प्रेस पर अनुचित प्रतिबंध नहीं लगा सकती, क्योंकि इसका प्रेस की आजादी पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार की नीतियों के आलोचनात्मक विचारों को सत्ता-विरोधी नहीं कहा जा सकता क्योंकि मजबूत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र प्रेस आवश्यक है। हालांकि प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने यह भी कहा, "प्रेस का कर्तव्य है कि वह सत्ता से सच बोले और नागरिकों के समक्ष उन कठोर तथ्यों को पेश करे, जिनकी मदद से वे लोकतंत्र को सही दिशा में ले जाने वाले विकल्प चुन सकें।" सुप्रीम कोर्ट ने चेताया कि, "सामाजिक आर्थिक राजनीति से लेकर राजनीतिक विचारधाराओं तक के मुद्दों पर एक जैसे विचार लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकते हैं।" सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नसीहत भी दी कि राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर दावे बिना किसी आधार के नहीं होने चाहिए। इसके पीछे मजबूत तथ्य होने चाहिए। सभी मीडिया इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट को खुफिया नहीं कहा जा सकता है। इससे लोगों के अधिकारों और उनकी आजादी पर असर पड़ता है। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा लोगों को अधिकार छीनने के लिए नहीं उठाया जा सकता है। लोकतांत्रिक देश मजबूती से चलता रहे, इसके लिए प्रेस की स्वतंत्रता जरूरी है। लोकतांत्रिक समाज में इसका किरदार बहुत अहम होता है। यह देश की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालता है। सरकार कानून के तहत नागरिकों के लिए किए गए प्रावधानों से उन्हें वंचित करने के वास्ते राष्ट्रीय सुरक्षा का इस्तेमाल नहीं कर सकती है। राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर नागरिकों के अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। सरकार को जन अधिकारों का ध्यान रखना चाहिए। मीडिया और नागरिकों को भी सरकार, राष्ट्र और समाज का ध्यान रखना चाहिए।

# समावेशी राष्ट्र निर्माण कर रही भाजपा



स्थापना दिवस

शिव प्रकाश


राजनीति के माध्यम से राष्ट्रवाद की स्थापना करते हुए राष्ट्रीय एकात्मकता को पुष्ट करने का विचार भाजपा ने अपने जन्म काल से रखा। बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन तक लोकतंत्र का पालन करते हुए देश में लोकतंत्र का रक्षण भाजपा का संकल्प बना। समाज में बिना किसी भेदभाव के विकेंद्रित अर्थव्यवस्था का पालन करते हुए गरीब का उत्थान ही लक्ष्य है, बिना किसी भेदभाव अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का पालन करते हुए देश के विकास में सभी का सहयोग एवं देश प्रथम सिद्धांत का पालन करते शुद्ध आचरण से देशवासियों की सेवा भाजपा का लक्ष्य बना। सेवा व विकास के भाव से समावेशी राष्ट्र का निर्माण ही भाजपा का मंत्र है।

देश में राष्ट्रवाद, गरीब कल्याण, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, पारदर्शिता का आचरण करते हुए कांग्रेस के सम्मुख विकल्प प्रस्तुत करने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। भारतीय राजनीति के मूर्धन्य विद्वान पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा 'एकात्म मानववाद' का वैचारिक आधार देकर जिसको पोषित करने का कार्य किया। अपने जन्म से सतत वृद्धि की ओर अग्रसर लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल के समय जनता पार्टी में विलीन हो गया। 6 अप्रैल 1980 को मुंबई सागर तट पर अटल गर्जना के साथ 'अँधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा' के संकल्प के साथ भारतीय राजनीतिक क्षितिज पर भारतीय जनता पार्टी के नाम से नए दल के रूप में प्रकट हुई, जिसका नेतृत्व भारतीय राजनीति के सूर्य भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने किया। आज वही भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 18 करोड़ सदस्यता वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। अपने राष्ट्रवादी विचार, गरीब के कल्याण की नीति, प्रमाणिक नेतृत्व के कारण देश के लिए वरदान सिद्ध हुई है।

राजनीति के माध्यम से राष्ट्रवाद की स्थापना करते हुए राष्ट्रीय एकात्मकता को पुष्ट करने का विचार भाजपा ने अपने जन्म काल से रखा। बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन तक लोकतंत्र का पालन करते हुए देश में लोकतंत्र का रक्षण भाजपा का संकल्प बना। समाज में बिना किसी भेदभाव के विकेंद्रित अर्थव्यवस्था का पालन करते हुए गरीब का उत्थान ही लक्ष्य है, बिना किसी भेदभाव अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का पालन करते हुए देश के विकास में सभी का सहयोग एवं देश प्रथम सिद्धांत का पालन करते शुद्ध आचरण से देशवासियों की सेवा भाजपा का लक्ष्य बना।

हमारा देश विविधताओं से युक्त देश है। भाषा, जातियों, पूजा-पद्धति, खानपान, रंग-रूप एवं पहनावा हम सब को एक दूसरे से भिन्न दिखाते हैं। सतही तौर पर विचार करने वाले एवं विदेशी षड्यंत्रों से प्रभावित अनेक लोगों ने इस विविधता के विभेद को ही अपनी राजनीति का आधार बनाया। यह एक राष्ट्र नहीं जातियों में परस्पर संघर्ष,आदिवासी, शहरवासी, सवर्ण, दलित आदि के आधार पर अपनी रोटियां एवं वोट की फसल काटने का प्रयास किया। भाजपा प्रारंभ से ही एक राष्ट्र, एक जन, एक संस्कृति के सिद्धांत के आधार पर राजनीति करती आई है। विविधता इसकी कमजोरी नहीं इस देश का सौंदर्य है। उत्तर पूर्वांचल ने भी भाजपा को चुनाव जिताकर इस स्वर को प्रकट किया है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि 'न तो अब उत्तर पूर्वांचल दिल्ली से दूर है और न ही दिल से दूर है'। बंद, चक्का-जाम, आतंक अब समाप्त होकर वहां विकास की धारा बह रही है। कश्मीर 370 से मुक्त होकर केसर की सुगंध ले रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अनूठी पहल 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत काशी तमिल संगम ने एकात्मता के विश्वास को गहरा किया है।

देश के राजनीतिक धरातल पर सक्रिय दल अपने दल के अंदर का लोकतंत्र खोते जा रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया का



पालन या तो है नहीं अथवा दिखावा मात्र है। कांग्रेस सहित देश की सभी क्षेत्रीय पार्टियां परिवारवाद के संकट से ग्रसित हैं। इस कारण उन दलों का प्रतिभावान नेतृत्व कुंठित होकर दल छोड़ रहा है अथवा निष्क्रिय है। जो दल अपनी पार्टी में लोकतंत्र को पालन नहीं कर सकते, उनसे देश के लोकतंत्र की रक्षा की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। कांग्रेस ने तो आपातकाल देश को देकर लोकतंत्र को कुचलने का कार्य किया ही है, परिवारवाद के कारण देश का लोकतंत्र खतरे में आ सकता है। यह आशंका अपने संविधान निर्माताओं के मन में भी थी। भाजपा ने अपने संविधान का पालन करते हुए निश्चित अवधि में बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक की प्रक्रिया का पालन करते हुए देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान किया है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जिसने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने दल का अस्तित्व समाप्त किया, जबकि और दल चुनाव आयोग, ईवीएम एवं न्यायालय पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करने का कार्य कर रहे हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान के इस व्यवहार ने भारतीय जनता के मन में भाजपा के प्रति विश्वास को बढ़ाया है।

गांधी जी अपने आर्थिक चिंतन में देश का विकास स्वदेशी एवं विकेंद्रित अर्थव्यवस्था के आधार पर चाहते थे। ग्राम पंचायत स्वराज का आधार थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सरकारों की सफलता का आधार गरीब कल्याण (अंत्योदय) को माना। स्वदेशी, सादगी, विकेंद्रित अर्थव्यवस्था से हम अपनी आर्थिक उन्नति करें यह विचार उन्होंने दिया। किसान के खेत को पानी, रोजगार यह उनकी अर्थव्यवस्था के आधार थे। उत्पादन में वृद्धि व खर्च में संयम का सिद्धांत उन्होंने दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा संचालित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, नदियों को जोड़ने का प्रकल्प एवं सर्व शिक्षा अभियान, गरीब उत्थान एवं देश के ढांचागत विकास के अनुकरणीय उदाहरण हैं। उसी परंपरा में बहुगुणित वृद्धि करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं, क्रियान्वयन में तकनीकी उपयोग, कृषि सिंचाई योजना एवं आत्मनिर्भरता का मंत्र गांधी जी एवं दीनदयाल जी की कल्पनाओं का साकार रूप है, जिसमें गरीब का विश्वास अर्जित करते हुए देश आर्थिक क्षेत्र में तीव्र गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।


तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भारतीय संस्कृति एवं समाज पर आक्रमण ही अधिकांश राजनीतिक दलों की परंपरा बन गई थी, जो जितनी अधिक एवं कठोर गाली देगा, वह सबसे बड़ा धर्मनिरपेक्षवादी हो गया था। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भगवान श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। धर्मनिरपेक्षता तुष्टीकरण का पर्याय हो गई थी। समाज दुखी मन से इन दलों के कारनामों को देख रहा था। भाजपा ने कहा हम विकास में कोई पक्षपात न करते हुए सभी को न्याय देंगे। इसी सोच के द्वारा अपनी गरीब कल्याण की योजनायों के माध्यम से अल्पसंख्यक समाज के विकास का कीर्तिमान भी भाजपा सरकारों ने ही बनाया है। अपने सांस्कृतिक मान बिंदुओं के गौरव के लिए भाजपा ने कदम से कदम मिलाकर कार्य किया। विश्व में चोरी करके ले जाई गई मूर्तियों को वापस लाने का कार्य हो अथवा श्रीराम मंदिर का भी कॉरिडोर, केदारनाथ जी का सौंदर्यीकरण, महाकाल लोक का निर्माण सभी अपनी गौरवगाथा कह रहे हैं। सूफी संतों से संपर्क, बोहरा एवं पसमांदा मुस्लिम समाज के विकास की योजनाएं एवं वन डे वन चर्च जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वधर्म समभाव के भाव को प्रकट करते हैं। 'देश प्रथम' के सिद्धांत का पालन करने वाले अनेकानेक राजनीतिक कार्यकर्ता भाजपा की देन है। सेवा एवं विकास का संकल्प ही भाजपा का मंत्र है।

(लेखक राष्ट्रीय सह संगठनमंत्री, भाजपा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

43वां स्थापना दिवस

विष्णु दत्त शर्मा



## राजनीति के सांस्कृतिक बदलाव की धुरी बनी भाजपा

1980 के दशक का कालखंड भारतीय राजनीति का टर्निंग प्वाइंट था, जब जनसंघ के बाद भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। स्वाधीनता मिले अभी तीन दशक ही हुए थे कि देश भ्रष्टाचार, परिवारवाद, अपराधीकरण, जातिवाद, तुष्टिकरण, आतंकवाद और आपातकाल जैसे घावों से छलनी होने लगा था। किसे पता था कि आजादी के बाद जिन्होंने राजनीति का उत्तराधिकार पाया, वे अपनी स्वार्थलिप्सा में इतने कम समय में देश को बर्बादी के कगार पर पहुंचा देंगे। वे सत्ता में बने रहने के लिए तुष्टिकरण का ऐसा भ्रमजाल फैलाएंगे कि राष्ट्रीय अस्मिता भी धूमिल हो जाएऔर राष्ट्र की सच्ची पहचान उनके क्षुद्र राजनीतिकनारों से नष्ट हो जाएगी। परन्तु तत्कालीन राष्ट्रवादी समूहों को इसका भान हो गया था और वे भारतीय राजनीति को सही दिशा देने व एक सम्यक विकल्प देने के लिए आगे आए,तब भाजपा की स्थापना हुई।

थोड़ा गहराई में विचार करनेसे पता चलता है कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी राजनीतिक दलों ने वोट बैंक की गुलामी की एक विशेष चादर ओढ़ ली थी। उन दिनों भारत में भारतीयता की बात करना भी जैसे अपराध होता था। भारत में भारतीय संस्कृति, आध्यात्म, धर्म और उसके विविध विषयों की चर्चा को सांप्रदायिक ठहराया जाता था। ऐसी परस्थिति में भारत की राजनीति को भारतीयता की ओर उन्मुख करने और उसके सांस्कृतिक सरोकारों को राजनीति का केंद्र बनाने के लिए भाजपा की नींव पड़ी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विराट विचार को लेकर 1980 में आज ही के दिन भारतीय जनता पार्टी की विधिवत स्थापना हुई थी। जिसका एक बड़ा लक्ष्य था, भारत की एकात्मता को बचाना। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के द्वारा देश को खंडित होने से बचाने के लिए एकात्म मानववाद के मूल दर्शन पर चलना। एक ऐसा दर्शन जो मनुष्य और समाज के बीच कोई संघर्ष नहीं देखता, बल्कि मनुष्य के स्वाभाविक विकास-क्रम और उसकी चेतना के विस्तार से परिवार, गाँव, राज्य, देश और सृष्टि तक उसकी पूर्णता देखता है। अन्य दलों की तरह भारत को नेशन स्टेट की तरह देखने की बजाय भाजपा ने इसे राष्ट्र माना और कहा कि इसका राष्ट्रवाद सांस्कृतिक है केवल भौगोलिक नहीं।


भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अन्तर्गत गरीबी मिटाना केवल नारा नहीं, उसका संकल्प था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कोई भाषण नहीं, प्रतिबद्धता थी। कश्मीर में 370 की समाप्ति चुनावी जुमला नहीं, राष्ट्रीय एकात्मताका साक्षात संकल्प था। अब से चार दशक पहले बनी भाजपा के लिए अन्त्योदय स्लोगन नहीं, यह गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा करने का सपना था, जिसे पार्टी के किसी भी नेतृत्व ने कभी भी देखना नहीं छोड़ा। 1980 से लेकर अब तक भाजपा के सभी नेतृत्वकर्ता इस सपने को पूर्ण करने में सक्रिय रहे हैं। वे उन संकल्पों को साकार करने के लिए दिन-रात अपना श्रेष्ठतम समर्पित करते रहे हैं।वे भावी पीढ़ी को भी इन संकल्पों को साकार करने का सामर्थ्य देते हैं। शोषणमुक्त,समतायुक्त समाज की स्थापना भाजपा का चुनावी मुद्दा नहीं है, यह इसकी मूल दृष्टि है।

भारत के सांस्कृतिक मानबिंदुओं की रक्षा हो, भारत की अखंडता का प्रश्न हो अथवा समाज को समरस रखने की चुनौती हो, सभी मुद्दों पर भाजपा विगत चार दशक से अबाध रूप से अपना संकल्प सिद्ध करती आ रही है। अपने सिद्धांतों पर चलते हुए पार्टी आज 43 साल की यात्रा पूरी कर रही है। इस यात्रा में अनेक बाधाएँ व कठिनाइयां भी आयी हैं परन्तु पार्टी अपने सिद्धांतों व आदर्शों पर अडिग रहते हुए आगे बढ़ती रही है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और उसकी मूल भावना का पालन करते हुए पार्टी ने देश के सभी हिस्सों में जनता का अटूट विश्वास हासिल किया है। आज लोकसभा में 303, राज्यसभा में 93, एमएलए 1420, एमएलसी 150 सहित 16 राज्यों में भाजपा नीत सरकारें हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि सारे देश ने एक दल की विचारधारा को समादृत किया है औरभाजपा के राष्ट्रवादी चिंतन से लोग जुड़ते जा रहे हैं। इसलिए स्थापना दिवस के प्रसंग में चुनावी हार जीत के आंकड़ों को दरकिनार कर भाजपा के वैचारिक वस्तिार को देखना समीचीन होगा। सन 1980 में स्थापित पार्टी तीन दशक के अल्पकाल में ही स्वाधीनता पूर्व के दलों का राष्ट्रीय विकल्प बन गई। साथ ही उन क्षेत्रीय दलों का वर्चस्व तोड़ने में भी कामयाब हुई, जिन्होंने सामाजिक न्याय की आड़ में परिवारवाद, भ्रष्टाचार, लूट-खसोट और वोट बैंक की राजनीति को ही अपना धर्म बना लिया था। लोक लुभावन वादों की क्षणिक व स्वार्थ भरी राजनीति को भी नकारने में भाजपा ही विकल्प बनी है। पार्टी को जब-जब अवसर मिला है उसने समस्याओं के स्थाई समाधान पर ध्यान दिया है। स्थापना के 34 वें साल में जब 2014 में देश ने श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पर पूरी तरह भरोसा जताया, तब से भाजपा सरकार अपने सभी वादों को एक एक करके पूरा करती आ रही है। श्रीराम मंदिर निर्माण करने, कश्मीर से 370 हटाने के साथ-साथ भारत के सांस्कृतिक आध्यामिक ढांचे के युगानुकूल विकास के कार्यों को भी अमलीजामा पहना रही है। आज भारत की एकात्मता के लगभग सभी तीर्थ केंद्र विकास का नया प्रतिमान गढ़ रहे हैं। सात दशक से उपेक्षा का दंश झेल रहे हमारे आध्यात्मिक केंद्र राष्ट्रवादी दल की सरकार की प्राथमिकता में शामिल हुए हैं और अब उनका गौरव पुनर्स्थापित हो रहा है।

वस्तुतः पार्टी नेतृत्व ने सुशासन की संस्कृति से पार्टी के अन्त्योदय के सद्धिांत को आदर्श रूप में जमीन पर उतारा है। पार्टी की सफलता का यही पैमाना है कि इसकी नीतियों का लाभ पंक्ति के अंतिम पड़ाव पर खड़े व्यक्ति को मिल रहा है। समाज के निचले पायदान पर मौजूद व्यक्ति के कल्याणका अर्थ है गरीब, किसान, ग्रामीण, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों सहित सभी वर्गों को सुशासन का लाभ मिले। सबको शिक्षा, सबको स्वास्थ्य, सबको अन्न जब मिलता है तब सच्चे अर्थों में सुशासन का संकल्प परिलक्षित होता है।सुशासन अंततः राष्ट्र के गौरव पथ का मार्ग प्रशस्त करता है, जिस पर भारत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बहुत आगे निकल चुका है।

*लेखक भाजपा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एवं खजराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं।*

## 'पवन तनय बल पवन समाना'




संकलित

दर्शन

तुलसी दास जी ने हनुमान जी को विज्ञानी बताया है। उन्हें एक विज्ञानी के रूप में ही देखा और समझा जाना चाहिए। हनुमान जी अपनी हर एक सांस में प्रभु श्रीराम का नाम लेते हैं। यह कोई आसान बात नहीं है। इसके लिए योग की गहरी जानकारी होनी चाहिए। हम कह सकते हैं कि हनुमान जी को योग विज्ञान की अच्छी जानकारी थी। भजन एक विज्ञान है। हनुमान जी को भजन विज्ञान की भी जानकारी थी। हनुमान जी निरंतर अपने प्रभु श्रीराम का भजन करते रहते थे। हनुमान जी को व्यास (विस्तार) विज्ञान का ज्ञान था। हनुमान जी जरूरत पड़ने पर अपने रूप को बड़ा कर लेते थे। लंका दहन के समय देखा गया कि हनुमान जी की पूंछ काफी विशाल हो गई थी। इसके अलावा उन्होंने लंका में माता सीता को अपने स्वर्ण रूप का दर्शन कराया था। हनुमान जी के पास गजब का विश्वास था। उनका यह विश्वास प्रभु श्रीराम में था। राम जी में विश्वास रखते हुए हनुमान जी ने कई बड़े-बड़े कार्य कर डाले। चाहे विशाल समुद्र को पार करना हो, सीता जी का पता लगाना हो या फिर हिमालय पर्वत से संजीवनी लाकर लक्ष्मण जी के प्राण की रक्षा करनी हो, ये सब हनुमान जी के विश्वास विज्ञान की वजह से ही हो सका। हनुमान जी को समास (सूक्ष्म) विज्ञान का भी ज्ञान था। रामायण में देखा गया कि लंका जाते समय समुद्र पार करने के लिए हनुमान जी ने अति सूक्ष्म रूप धारण कर लिया था।यह सूक्ष्म विज्ञान की जानकारी के बिना नहीं हो सकता। हनुमान जी को 'अतुलित बलधामा' कहा जाता है।

## अहंकार को जल्दी से जल्दी छोड़ देना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

एक राजा महावीर स्वामी के दर्शन करने आया करता था। राजा धनी और घमंडी था। वह जब भी स्वामी के पास जाता, अपने साथ धन, रत्न आदि लेकर आता था। राजा और उसके हाथ में ये चीजें देखकर महावीर स्वामी हर बार राजा से कहते थे कि राजन्-इन्हें गिरा दो। महावीर जी की बात मानकर राजा सभी कीमती चीजें वहीं गिरा देता था। ऐसा कई बार हो चुका था। राजा को स्वामी जी की बात बुरी लगने लगी थी। राजा सोचता था कि एक न एक दिन महावीर जी मेरे उपहार स्वीकार जरूर करेंगे। काफी दिनों तक ऐसा ही चलता रहा। राजा ने ये बात अपने मंत्री को बताई। मंत्री विद्वान था। उसने राजा को सलाह दी कि राजन्-इस बार आप सिर्फ फूल लेकर जाएं। मंत्री की सलाह मानकर राजा सुंदर फूल लेकर महावीर के सामने पहुंच गया। इस बार भी महावीर जी ने कहा कि इन्हें गिरा दो। ये सुनकर राजा फिर से निराश हो गया। वह फूल वहीं गिराकर लौट गया। उसने मंत्री को ये बात भी बताई। मंत्री ने इस बार कहा कि राजन इस बार आप खाली हाथ जाएं। अगले दिन राजा खाली हाथ स्वामी जी के सामने पहुंचा। राजा ने महावीर स्वामी से कहा आज मैं खाली हाथ आया हूं। अब आप क्या कहेंगे? महावीर स्वामी ने मुस्कान के साथ कहा कि राजन्-अब खुद को गिरा दो। महावीर जी के ये बात सुनकर राजा को समझ आ गया कि ये मेरा अहंकार गिराने की बात कह रहे हैं। राजा ने महावीर स्वामी जी को प्रणाम किया और अहंकार छोड़ने का संकल्प लिया।

अंतर्मन




### आज की पाती

#### मेहनत व लगन से पढ़ाई शुरू करें

अप्रैल के प्रथम सप्ताह में लगभग स्कूलों में शिक्षा का नया सत्र आरंभ होता है। नई कक्षा में विद्यार्थी एक नये जोश, उम्मीद और हौंसले से प्रवेश करते हैं और अपने कैरियर को सुनहरा बनाने में जुट जाते हैं, कड़ी मेहनत, लगन से पढ़ाई आरंभ करते हैं। जिंदगी का सबसे कीमती और सुनहरा समय विद्यार्थी जीवन होता है। जो इस समय का उचित और सही प्रयोग कर लेते है, वो निरंतर ही कामयाबी की मंजिल को पाते ही जाते हैं। आत्मविश्वास से हममें सकारात्मक ऊर्जा आती है, सकारात्मक ऊर्जा से हम जीतोड़ मेहनत करते हैं और यह भावना हमें जिंदगी में सफलता जरूर दिलाती है। इसलिए हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि आत्मविश्वास से जीत सुनिश्चित होती है। बहुत सी ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने आत्मविश्वास मजबूत कर अद्भुत काम किए।

*- जीवनलाल साव, बलौदा बाजार*

### ट्रेंड

#### उद्यम की भावना



आज हम स्टैंड अप इंडिया के 7 साल को देखते हैं तो पाते हैं कि और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों को सशक्त बनाने और महिला सशक्तिकरण की भूमिका को स्वीकार करते हैं। इनमें उद्यम की भावना को बढ़ावा मिला है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

#### वैश्विक सद्भाव



आत्मचिंतन से परस्पर प्रेम, सदभाव, मानवीय मूल्यों की वृद्धि, विवेक और अंतःकरण की जागृति ही संसार के प्रमुख उद्देश्य हैं। आइए हम वैदिक विचारों और मानवीय मूल्यों को जगाकर वैश्विक सद्भाव को आगे बढ़ाएं।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप किसी मित्र के साथ भविष्य की योजना पर विचार-विमर्श करेंगे। जो छात्र कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करते हैं वो आज अपने दोस्तों से किसी टॉपिक को समझेंगे। आपको किसी की मदद करने का मौका मिलेगा। आपका दाम्पत्य जीवन बेहतरीन रहने वाला है। लवमेट्स आज घूमने जायेंगे। व्यापार में

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ कहीं जाने का प्लान बनायेंगे। सरकारी मामलों में लापरवाही आपकी परेशानी का कारण बन सकती है अतः काम में सतर्कता और ईमानदारी रखें। दिन भर के बिजी शेड्यूल के बाद परिवारवालों के साथ समय बिताने से आपको रिलैक्स फील होगा। आप माता-पिता के साथ कहीं जाने का प्लान बनायेंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। किसी प्रॉपर्टी सम्बन्धी कामों में निवेश करने के लिए अच्छा दिन है आपको लाभ मिलेगा। इस राशि की जो महिलाएं जॉब की शुरूआत करना चाहती हैं उनके लिए वर्क- फ्रॉम होम एक बेहतर विकल्प साबित होगा। आपके घर में कोई धार्मिक कार्यक्रम हो सकता है, आपका दिन व्यस्तता और भाग-दौड़ में बीतेगा। आपके प्रोजेक्ट से खुश होकर बॉस आपका प्रमोशन कर सकते हैं।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों की ऑफिसियल काम के लिए यात्रा के योग बन रहे हैं। यात्रा सफल भी रहेगी। लवमेट्स आज अपने रिश्ते को और मजबूत बनाने के लिए साथ में अच्छा समय बिताएंगे। स्टूडेंट्स का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरूआत होगी। ऑफिस के कार्यों में आज आपको जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी अच्छी कम्पनी से जॉब का ऑफर आएगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। वर्षों की कठिन मेहनत का अच्छा फल आपको मिलेगा, आप काम करने की नयी योजनाओं पर काम शुरू करेंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता रहेगी। अगर आपको काफी दिनों से किसी बात को लेकर टेंशन है उसका आज शोल्युशन मिल जायेगा। परिवार और बिजनेस में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सक्षम रहेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी से संबंधित बिजनेस में कोई बड़ी डील होगी। लापरवाही और उदारता व्यापार के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है। लवमेट्स आज अपने रिश्ते की बात घरवालों के साथ कर सकते हैं। आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज अपनी मेहनत के अनुकूल परिणाम मिलने से मनोबल बढ़ेगा।

तुला राशि : आज का दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। नौकरी के क्षेत्र में आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिल सकती है। कई दिनों से घर में चल रही समस्या आज सुलझ जाएगी। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। आपके रुके हुए काम भी पूरे होंगे। आप कोई पार्ट टाइम काम शुरू कर सकते हैं। लवमेट्स से आज आपको, आपके मनपसंद का उपहार मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप जिस काम की शुरूआत करेंगे, उसे समय से पूरा करने का पूरा प्रयास करेंगे। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आप निरंतर प्रयास करेंगे। आपका काफी दिनों से रुका धन वापस मिलेगा, बैंक बैलेंस मजबूत होगा। इस राशि के जो लोग जॉब के लिए अप्लाई किए थे उनको आज किसी अच्छी कंपनी से कॉल आ सकती है। आपका मन किसी नए काम को करने के लिए उत्सुक होगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका कोई सोचा हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। आप अपनों की मदद के लिये तैयार रहेंगे। इस राशि के बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिलेंगे। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। किसी काम में माता-पिता की सलाह फायदेमंद रहेगी। अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे।


मकर राशि : आज का दिन आपके लिए खुशनुमा पल लेकर आया है। किसानों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। किसी काम में आपको पिता जी से सहयोग मिलेगा, काम में आसानी होगी। सेहत के मामले में आप खुद को ऊजार्वान महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी रेस्टोरेंट में डिनर करने का प्लान बनायेंगे। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आपको अच्छा लगेगा। आपके दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। जिन समस्याओं का सॉल्यूशन अभी तक नहीं मिल रहा था आज वो सुलझ जायेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन उत्तम रहने वाला है। मित्रों के साथ घूमने का प्लान कुछ दिनों के लिए टालना पड़ सकता है। लेकिन आपकी दोस्ती मजबूत बनी रहेगी। परिवार के कुछ खास मामलों में आज आपको अनदेखी करने से बचना चाहिए। घर में भाई-बहन की मदद करने से आपको अच्छा महसूस होगा। आप करियर में नए आयाम स्थापित करने पर विचार करेंगे।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। लोगों के प्रति आपका अच्छा रवैया आपको लोगों का प्रिय बना देगा। बड़ेझ बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं। समाज सेवा की तरफ आपका रुझान होगा।

इन दिनों मौसम में अचानक होने वाले बदलाव की वजह से हर उम्र के लोग वायरल इंफेक्शन की चपेट में आ रहे हैं। इनसे बचाव और उपचार के लिए यहां कुछ सरल घरेलू उपायों के बारे में बता रहे हैं।

# बदलते मौसम में कारगर
# सरल-प्रभावी घरेलू उपचार





सजेशन
संध्या रानी

जब अचानक मौसम में परिवर्तन होने लगता है, तो जरा-सी लापरवाही से लोग बीमार होने लगते हैं, जैसा इन दिनों हो रहा है। ऐसे में परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन कुछ बातों का खासतौर से ध्यान रखना जरूरी है।

**लक्षणों को पहचानें :** इन दिनों तापमान में अचानक परिवर्तन होने के कारण वायरस जनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। ऐसी ही कुछ बीमारियों के लक्षण हैं- नाक बंद होना, खांसी आना, जुकाम होना, नाक बहना, आवाज भारी होना, छींकें आना, आंख से पानी आना, गला खराब होना, गले में कांटे के जैसा चुभना, गला बैठ जाना, बुखार होना और दस्त होना। ऐसे में नाक और गले के वायरस को नष्ट करने के लिए भाप जरूर लें। इससे बंद नाक खुल जाती है और सूजन में भी कमी आ जाती है। संक्रमण से बचाव के लिए भीड़-भाड़ वाली जगह में जाने से परहेज करना चाहिए, ऐसी जगह मास्क पहनकर जाएं और एक-दूसरे से हाथ ना मिलाएं।



**आजमाएं ये घरेलू उपचार :** तापमान में अधिक परिवर्तन के कारण वातावरण में वायरसों की संख्या काफी बढ़ जाती हैं। इसलिए वायरस के संपर्क में आने से लोगों में दस्त की समस्या बढ़ जाती है। इससे राहत के लिए नीबू के रस में थोड़ी-सी हींग, काली मिर्च, नमक, अजवाइन और जीरा मिलाकर पीने से दस्त में राहत मिलती है।

- अगर बुखार है तो 10 तुलसी के पतों का रस और 5 पीसी हुई काली मिर्च दोनों को 50 मिली. पानी में मिलाकर सुबह-शाम लेने से बुखार में फायदा होता है। इसका उपयोग अपनी आवश्यकता के अनुसार 3 से 7 दिन तक कर सकते हैं लेकिन ध्यान रखें कि यह मात्रा बड़ों के लिए है। बच्चों के लिए इसकी मात्रा चौथाई कर लें।
- एक कप पानी में 8-10 तुलसी पत्तों और 5 पुदीने के पत्तों को अच्छी तरह से उबालें। इसे छानकर शहद मिला लें। यह चाय बदलते मौसम की खांसी-जुकाम को दूर करने में बहुत ही मददगार है।
- रात में सोते समय एक गिलास गुनगुने दूध में एक चम्मच हल्दी का पावडर मिलाकर पीने से भी खांसी-जुकाम में राहत मिलती है। गले में भी आराम मिलता है।
- अदरक के रस को शहद के साथ मिलाकर लेने से खांसी-जुकाम से राहत मिलती है।
- जुकाम होने पर गुड़ खाने से भी फायदा होता है।
- एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नीबू का रस मिलाएं और उसमें अपने स्वाद के अनुसार शहद मिलाकर पीने से जुकाम-खांसी से राहत मिलती है।
- नाक बंद हो तो काली मिर्च, गुड़ और दही मिलाकर खाने से बंद नाक खुल जाती है। इसके अलावा एक कप पानी में 8-10 तुलसी पत्ते, 2-3 लौंग, एक टुकड़ा अदरक और आधा छोटा चम्मच अजवाइन डालकर खूब उबालें और छानकर पी लें।
- किशमिश को नमक डालकर तवा पर सेंक लें और ठंडा होने के बाद खाएं। इससे गले को आराम मिलता है और वायरल का इंफेक्शन भी दूर होता है। *

**(नेचुरोथेरेपिस्ट डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)**

वर्ल्ड हेल्थ-डे
7 अप्रैल, स्पेशल

डॉक्टर्स एडवाइस

# जब आप करेंगे प्रॉपर केयर
# रहेंगे फिजिकली-मेंटली हेल्दी

विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ की इस वर्ष की थीम 'हेल्थ फॉर ऑल' को अचीव करने के लिए दुनिया भर के देश अपने स्तर पर तो प्रयास करेंगे ही। लेकिन हम सब भी हेल्थ के प्रति अपनी अवेयरनेस के जरिए इसमें अपना रोल निभा सकते हैं। कुछ छोटी छोटी बातों पर ध्यान देकर हम ना केवल अपनी फिजिकल-मेंटल हेल्थ अच्छी रख सकते हैं, इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित कर सकते हैं। इस बारे में बहुत यूजफुल सजेशंस।



इस बात में कोई संदेह नहीं कि पिछले कुछ दशकों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और निरोग-दीर्घ जीवन देने में मेडिकल साइंस ने अनेक शानदार और अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन फिर भी हर व्यक्ति अपने अच्छे स्वास्थ्य और निरोगता को लेकर पूरी तरह से निश्चिंत नहीं हो पा रहा है। समय-समय पर कई ऐसे मामले या नई तरह की बीमारियां सामने आती हैं, जिनके आगे वैज्ञानिक और डॉक्टर भी लाचार हो जाते हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी और लापरवाही के कारण भी कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस वजह से अधिकतर लोगों को गंभीर बीमारियों के बारे में काफी देर में पता चलता है और समय पर उपचार ना मिलने के कारण, हर साल दुनिया में लाखों लोगों की मृत्यु अचानक हो जाती है। इसीलिए स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। वास्तव में विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हर साल स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपस्थित चिंताओं को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन एक थीम निर्धारित करता है। इसी क्रम में इस वर्ष की थीम 'हेल्थ फॉर ऑल' अर्थात 'सभी के लिए स्वास्थ्य' निर्धारित की गई है। उद्देश्य यही है कि हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचे। स्वास्थ्य के प्रति बरती जाने वाली लापरवाही की वजह से कुछ समय बाद इसका बड़ा खामियाजा आपको भुगतना पड़ सकता है इसलिए कुछ खास बातों को ध्यान में रखना अत्यंत आवश्यक है।

## न्यूट्रिशस-बैलेंस्ड हो डाइट

कई रोगों से बचाव और हेल्दी बने रहने के लिए आपको अपनी डाइट के प्रति पूरी तरह कॉन्शस होना जरूरी है। इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. गौरव जैन** कहते हैं, 'शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हेल्दी न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड डाइट लेना बहुत आवश्यक है। इसलिए बाहर का खाना ना खाएं। यानी स्ट्रीट फूड्स, फास्ट फूड्स और जंक फूड्स से परहेज करें। स्वच्छ और शुद्ध खाना खाएं। भोजन में नमक और चीनी का कम इस्तेमाल करें। शराब, धूम्रपान समेत किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। भोजन के हर कौर को अच्छे से चबा-चबा कर खाएं। ज्यादा ऑयली और स्पाइसी फूड खाने से बचें। पूरे दिन भर में 3 बार भरपूर आहार लें। सुबह के नाश्ते में न्यूट्रिशस फूड्स जरूर शामिल करें। ऐसा इसलिए जरूरी है कि इससे पूरे दिन आप एनर्जेटिक रहेंगे। रात का आहार हल्का होना चाहिए। आइडियल मील मे 40 प्रतिशत अनाज, 35 प्रतिशत फल और सब्जियां और 20 प्रतिशत प्रोटीन होना चाहिए। प्रोटीन के लिए आपको दाल और डेयरी प्रोडक्ट्स को अपनी डाइट में शामिल करना होगा।'


## एक्सरसाइज-योगा है जरूरी



अच्छी हेल्थ और फिटनेस के लिए केवल न्यूट्रिशस डाइट ही पर्याप्त नहीं है। इसके लिए रेग्युलर एक्सरसाइज और योगाभ्यास भी जरूरी है। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. अरविंद अग्रवाल** डिटेल में बताते हैं। उनके बनुसार, 'शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक्सरसाइज और योगाभ्यास भी बहुत आवश्यक है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ शरीर की मांसपेशियों को हेल्दी बनाए रखने में एक्सरसाइज से बहुत लाभ मिलता है। नियमित एक्सरसाइज या योग करने से शरीर का रक्त संचार भी बेहतर रहता है और मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है। कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के लिए भी नियमित एक्सरसाइज बहुत आवश्यक है। इसके लिए आप जिम ज्वाइन कर सकते हैं। लेकिन अगर जिम नहीं जा सकते तो रोज सुबह जल्दी उठकर जॉगिंग कर सकते हैं या फिर घर में ही योगाभ्यास कर सकते हैं। इसके अलावा शरीर को एक्टिव रखने के लिए डेली कम से कम 30 मिनट पैदल चलें। आने वाले समय में किसी गंभीर बीमारी से आप ग्रस्त ना हों, इसके लिए समय-समय पर हेल्थ चेकअप करवाते रहें। स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लापरवाही ना करें और तुरंत नजदीकी अस्पताल या डॉक्टर से प्रॉपर चेकअप और ट्रीटमेंट करवाएं।'

यहां बताई गई बातों पर अमल करके आप फिजिकली और मेंटली भी हेल्दी रहे सकते हैं। *

## मेंटल हेल्थ को ना करें इग्नोर

**स्वस्थ जीवन** के लिए फिजिकल हेल्थ के साथ ही मेंटली हेल्दी होना भी बहुत आवश्यक है। फिजिकल हेल्थ के लिए तो अच्छी डाइट और एक्सरसाइज करना पर्याप्त है लेकिन मेंटल हेल्थ के लिए कुछ अन्य बातों पर ध्यान देना भी जरूरी है। इस बारे में नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम में कंसल्टेंट-क्लीनिकल साइकोलॉजी, **डॉ. राहुल राय कक्कड़** सलाह देते हैं, 'मेंटल हेल्थ के लिए आपको टेंशन और डिप्रेशन से दूर रहना चाहिए। अगर आप मानसिक तौर पर फिट नहीं है तो इससे आपके वर्क परफॉर्मेंस से लेकर रिश्तो पर भी असर पड़ सकता है। यह गंभीर चिंताजनक बात है कि आज के समय में अधिकांश लोग अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक नहीं समझते। इसी कारण कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती हैं और सही ट्रीटमेंट के अभाव में काफी बढ़ जाती हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मस्तिष्क हमारे शरीर का एक प्रमुख अंग है, जिसके स्वस्थ ना होने पर कई तरह की मानसिक बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जरा भी लापरवाही नहीं करनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए आपको कुछ बातों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। आपको टेंशन और डिप्रेशन से दूर रहना चाहिए। इसके लिए आप रेग्युलर एक्सरसाइज करें, बहुत ज्यादा वर्कलोड ना लें, अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय जरूर बिताएं। जब भी समय मिले अच्छा संगीत सुनें, पॉजिटिव लोगों के साथ रहें, मोटिवेशनल किताबें पढ़ें, रोजाना गहरी नींद लें। डेली कुछ समय एक्सरसाइज और योगाभ्यास, स्पेशली मेडिटेशन, जरूर करें। एक शोध के अनुसार रेग्युलर एक्सरसाइज और मेडिटेशन का असर एंटीडिप्रेशन दवा की तरह होता है। सप्ताह में कम से कम चार-पांच दिन लगभग आधा घंटा एक्सरसाइज करने से डिप्रेशन के लक्षणों में सुधार आता है। अपने मानसिक स्वास्थ को लेकर खुद पर नजर बनाए रखें। अगर आपको किसी प्रकार की मानसिक परेशानी हो तो मनोरोग विशेषज्ञ से जरूर कंसल्ट करें।' *

प्रिकॉशन

# प्रत्येक वर्ष जरूर
# करवाएं ये टेस्ट्स

स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी है कि शरीर में कोई रोग पनपे, उससे पहले ही उसे डायग्नोस कर ट्रीटमेंट करवा लिया जाए। इसके लिए साल में एक बार कुछ टेस्ट्स जरूर करवाने चाहिए। महिलाओं को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए।



आमतौर पर लोग कोई तकलीफ या समस्या होने पर ही डॉक्टर के पास जाकर चेकअप और टेस्ट करवाते हैं। महिलाएं विशेष रूप से इसमें लापरवाही बरतती हैं। इस वजह से कई बार बीमारी बहुत बढ़ जाती है। ऐसा आपके साथ ना हो, आप स्वस्थ-निरोग जीवन जिएं, इसके लिए जरूरी है कि वर्ष में कम से कम एक बार कुछ टेस्ट्स जरूर करवाएं। यहां ऐसे ही जरूरी टेस्ट्स के बारे में बता रहे हैं। इनमें से कुछ टेस्ट महिलाओं को जरूर करवाने चाहिए। अगर आपको किसी बीमारी के होने का अधिक रिस्क है तो आपको साल में एक से अधिक बार भी जांच करवाने की आवश्यकता हो सकती है।

**हार्ट हेल्थ चेकअप :** इन दिनों हृदय रोग, अचानक मौत का एक बड़ा कारण बन कर सामने आया है। अधिकतर मामलों में लोगों को पता नहीं चल पाता है कि उनके अंदर हृदय रोग विकसित हो रहा है। इसलिए नियमित जांच-पड़ताल महत्वपूर्ण है। अगर आपकी उम्र 45 वर्ष या उससे अधिक है तो नियमित रूप से हृदय स्वास्थ्य जांच बहुत जरूरी है। नियमित रूप से आपको अपने रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल के स्तर की जांच भी करवाते रहना चाहिए।

**शुगर लेवल टेस्ट :** मधुमेह यानी डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है, जिससे ग्रस्त व्यक्ति के खून में ग्लूकोज (चीनी) की मात्रा सामान्य से अधिक हो जाती है। यह शरीर के कई हिस्सों को प्रभावित कर सकता है और सही समय पर इलाज नहीं किया जाए तो गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। इसलिए नियमिन रूप से ब्लड में शुगर के स्तर की जांच जरूर करवानी चाहिए। डायबिटीज होने के रिस्क का आकलन करने और आपका कितनी बार परीक्षण किया जाना चाहिए, इसके बारे में अपने डॉक्टर से कंसल्ट करें।

**सर्वाइकल स्क्रीनिंग :** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर होने का रिस्क भी काफी होता है। रेग्युलर सर्वाइकल स्क्रीनिंग, सर्वाइकल कैंसर से खुद को बचाने का सबसे अच्छा तरीका है। सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट महिलाओं के गर्भाशय ग्रीवा के प्रॉपर हेल्थ की जांच करता है। यह टेस्ट विशेष रूप से एचपीवी की जांच करता है। एचपीवी एक वायरस है, जो महिलाओं के गर्भाशय ग्रीवा में कोशिकाओं में बदलाव कर सकता है। यह सर्वाइकल कैंसर होने का सबसे आम कारण है। इसलिए समय-समय पर सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट जरूरी है।

**ब्रेस्ट कैंसर चेकअप :** महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामले भी काफी बढ़े हैं। इसका शुरुआती स्टेज में पता लगने से सफल उपचार की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए महिलाएं अपने स्तनों की सामान्य जांच स्वयं कर सकती हैं। ध्यान दें कि आपके स्तन कैसे दिखते और महसूस होते हैं, ताकि आप किसी भी असामान्य परिवर्तन (जैसे स्तन में नई गांठ होना) को देख सकें। किसी भी असामान्य बदलाव के बारे में डॉक्टर को तुरंत बताएं। ताकि जरूरत पड़ने पर ब्रेस्ट की प्रॉपर जांच की जा सके। अगर स्तन कैंसर का पारिवारिक इतिहास रहा है, तो यह जांच आपके लिए और भी ज्यादा जरूरी हो जाती है। *

**(मदर्स लैप आईवीएफ सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. शोभा गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**



फिटनेस / शिखर चंद जैन

# इंप्रूव करें बॉडी बैलेंस

हमें अकसर मेंटल हेल्थ, वर्क लाइफ बैलेंस, फाइनेंस के क्षेत्र में या रिलेशंस में संतुलन साधने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा शरीर का संतुलन साधना भी बेहद जरूरी है।

**क्या कहती है रिसर्च :** ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित अध्ययन की मानें तो अगर आप अपने एक पैर पर ज्यादा देर तक (10 सेकेंड से ज्यादा) खड़े नहीं रह सकते और फ्लेमिंगो पक्षी वाले पोज में तीन बार प्रयासों के बावजूद टिक नहीं सकते तो यह आपके खराब स्वास्थ्य का संकेतक है।

ब्रिस्टल मेडिकल स्कूल के शोधकर्ताओं की टीम और रियो डी जेनेरियो के क्लीनीमिक्स एक्सरसाइज मेडिसिन क्लीनिक के डॉक्टर क्लाडियो गिल ने 51 से 75 आयु वर्ग के लोगों पर 12 वर्षों तक गहन अध्ययन किया। वे शरीर के संतुलन और मृत्यु की संभावना में संबंध पर रिसर्च कर रहे थे। वैज्ञानिकों ने पाया कि अगर बिना सहारे कोई एक टांग पर 10 सेकेंड खड़ा ना रह सके तो ऐसे व्यक्ति की किसी ना किसी वजह से जल्दी मृत्यु का जोखिम 84 फीसदी बढ़ सकता है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि 50 के आस-पास आयु वर्ग वाले जो लोग आंखें बंद करके एक पैर पर 10 सेकेंड या उससे ज्यादा देर खड़े रह सकते हैं, वे आने वाले 13 वर्षों में अमूमन स्वस्थ रहते हैं। लेकिन जो लोग मात्र 2-3 सेकेंड ही टिक पाते हैं, उनकी मृत्यु 66 वर्ष की उम्र से पहले होने का जोखिम 3 गुना बढ़ जाता है।


**खराब हेल्थ का संकेतक :** कमजोर संतुलन कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का संकेतक है, जिनमें कान के भीतरी हिस्से में इंफेक्शन, श्रवण शक्ति कमजोर होना, पार्किंसंस या अल्जाइमर डिजीज, स्ट्रोक आदि भी शामिल हैं। स्वस्थ दिखने वाले वयस्कों में भी 20 सेकेंड या ज्यादा देर संतुलन ना बना पाने पर आगे चलकर दिमाग की छोटी धमनी के डैमेज होने, बौद्धिक क्षमता में कमी और स्ट्रोक की समस्या देखी गई है।



**ऐसे करें बैलेंस इंप्रूव :** बॉडी बैलेंस बनाने के लिए अगर आप अवेयर रहें तो इसे धीरे-धीरे इंप्रूव कर सकते हैं।

- सामान्य वॉकिंग से बैलेंस इंप्रूव नहीं होती है लेकिन एक परिसीमा में एक लाइन पर चलने का अभ्यास आपका बैलेंस इंप्रूव करेगा। इससे आपके विजन के साथ ही कंसंट्रेशन भी इंप्रूव होगी। एक पैर के सामने दूसरा पैर रखते हुए चलना अच्छी एक्सरसाइज भी है।
- रोजाना आंखें खुली रख कर एक पैर पर खड़े रहने का अभ्यास करें। हमेशा किसी दीवार या रेलिंग के पास खड़े हों ताकि जरूरत पड़ने पर इसका सहारा ले सकें। दिन में तीन बार 60-60 सेकेंड का अभ्यास करने पर हिप्स बोंस का घनत्व बढ़ता है।
- शुरू में आंखें खोलकर अभ्यास करने के बाद आपको 20 सेकेंड का अभ्यास आंखें बंद करके करना चाहिए। एक-एक कर दोनों पैरों से ऐसा करें। इससे आपके सेंसेज इंप्रूव होंगे। *

# भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर का हुआ निधन



इन दिनों भारत में आईपीएल की धूम है। इसी बीच भारतीय क्रिकेट के लिए बुरी खबर सामने आई है। पिछले हफ्ते के अंत में जहां सलीम दुरानी का निधन होने की खबर आई थी। वहीं अब भारतीय क्रिकेट टीम के एक और पूर्व ओपनर का निधन हो गया। दरअसल बुधवार को भारत के लिए 1974 में तीन टेस्ट मैच व तीन वनडे खेलने वाले पूर्व सलामी बल्लेबाज सुधीर नाईक का मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के सूत्रों ने उनके निधन की पुष्टि की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को पूर्व सलामी बल्लेबाज के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि, उनके क्रिकेट के प्रति जुनून के कारण कई क्रिकेटरों का करियर बना और वह आगे भी भावी क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी के हवाले से जारी रिलीज में कहा गया कि, सुधीर नाइक के निधन से हमें गहरा दुख हुआ है। खेल के प्रति दशकों में उनका योगदान उन सभी को प्रेरित करेगा जो इस खेल को अपनाना चाहते हैं। वहीं बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि, सुधीर नाइक के निधन की खबर सुनकर बेहद दुखी हूं। यह बहुत बड़ा नुकसान है। मैं उनके परिवार, मित्रों और मुंबई क्रिकेट संघ में प्रत्येक के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। नाइक वास्तव में क्रिकेट के प्रति जुनूनी थे और उन्होंने एक क्रिकेटर, कोच, क्यूरेटर और प्रशासक के रूप में इस खेल की सेवा की। किसी खिलाड़ी की प्रतिभा पर उनकी पैनी नजर रहती थी और उन्होंने कई क्रिकेटरों का करियर संवारा।

# पंजाब ने राजस्थान को 5 रन से हराकर दूसरी बार चखा जीत का स्वाद

शिखर धवन के नेतृत्व वाली पंजाब ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की। पंजाब की तरफ से ओपनिंग के लिए कप्तान शिखर धवन और प्रभसिमरन सिंह क्रीज पर आए। पंजाब की शुरूआत अच्छी रही। प्रभसिमरन ने अर्धशतक भी जड़ा। प्रभसिमरन और शिखर धवन ने पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़े। प्रभसिमरन (60) बनाकर आउट हुए। उनका विकेट जेसन होल्डर ने लिया। इसके बाद धवन का साथ देने के लिए क्रीज पर भानुका राजपक्षे आए लेकिन धवन के शानदार शॉर्ट के सामने आने से वह चोटिल हो गए। राजपक्षे को मैदान से बाहर जाना पड़ा, उनकी जगह धवन का साथ देने जीतेश शर्मा आए। धवन ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की। जीतेश शर्मा 158 के स्कोर पर आउट हुए। उनके बल्ले से (27) रन निकले। युजवेंद्र चहल ने रियान पराग के हाथों कैच कराया। उनके बाद सिकंदर रजा आए लेकिन वो (1) बनाकर चलते हो गए। उन्हें अश्विन ने क्लीन बोल्ड किया। 196 रन के स्कोर पर पंजाब का चौथा विकेट शाहरुख खान का गिरा। शाहरुख को जेसन होल्डर ने आउट किया। पंजाब ने पहल बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 197 रन बनाए। कप्तान शिखर धवन ने सरहानीय पारी खेली, उन्होंने नाबाद 86 रन बनाए।

पंजाब से मिले 198 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान से यशस्वी जायसवाल और रविचंद्रन अश्विन ने पारी की। इस पारी की शुरूआत में फेरबदल देखा गया। आमतौर पर पर जायसवाल के साथ बटलर आते हैं लेकिन इस मैच में अश्विन को पारी की शुरूआत करने के लिए भेजा गया। 13 रन पर राजस्थान का पहला विकेट जायसवाल का गिरा। उन्होंने (11) रन बनाए। अर्शदीप सिंह ने उन्हें मैथ्यू शॉर्ट के हाथों कैच कराया। अश्विन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए।

# गुड फ्राइडे : प्रभु यीशु के त्याग और बलिदान का किया स्मरण

छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** प्रभु यीशु मसीह के बलिदान का पर्व गुड फ्राइडे यानी पुण्य शुक्रवार को भक्ति भाव और संजीदगी से मनाया गया। इस मौके पर मसीही जनों ने प्रभु यीशु के त्याग और बलिदान का स्मरण किया। जो उन्होंने मानव जाति के पापों के खातिर अपनी जान कुर्बान की। उन्होंने पूरे संसार को मुक्ति का मार्ग दिखाया मोक्ष प्रदान किया। इस अवसर पर राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ की सभी गिरजाघर में क्रूस पर से प्रभु यीशु मसीह द्वारा कहे गए साथ वचन ऊपर धर्मगुरुओं ने प्रवचन किया। सेंट पॉल कैथेड्रल में दिल्ली के बिशप पॉल स्वरुप और छत्तीसगढ़ डायोसिस के बिशप अजय उमेश जेम्स ने इन साथ वाणी ऊपर मनन कराया। इसके अलावा सेंट जोसेफ महा गिरजाघर बैरन बाजार में आज आर्च बिशप विक्टर हेनरी ठाकुर की अगुवाई में आराधना हुई। इसके बाद प्रभु यीशु के बलिदान को प्रदर्शित करता हुआ जुलूस भी निकाला गया,



जिसने शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। मसीही जनों ने उपवास रखें और प्रार्थना की। जॉन राजेश पॉल ने बताया कि शनिवार को मौन दिवस, शांति और प्रार्थना का दिन है। इसके बाद रविवार को इस्तर पर्व मनाया जाएगा जो प्रभु विश्व मसीह के मृत्यु पर विजय का पर्व होगा। इस दिन बड़ी भोर को कब्र स्थानों में लोग अपने पुरखों को श्रद्धांजलि देंगे इसके बाद चर्च में त्यौहार की विशेष आराधना होगी। सात वाणी पहली वाणी, हे पिता ने क्षमा कर क्योंकि यह नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं। दूसरी वाणी, आज ही तू मेरे साथ स्वर्ग लोक में होगा। तीसरी वाणी, हे नारी देख यह तेरा पुत्र है। पुत्र से, यह तेरी माता है। चौथी वाणी, हे मेरे परमेश्वर हे मेरे परमेश्वर तू ने मुझे क्यों छोड़ दिया। पांचवी वाणी, मैं प्यासा हूं। छटवीं वाणी, पूरा हुआ। सातवीं वाणी ,हे पिता मैं अपनी आत्मा आपके हाथ में सोचता हूं। बाइबल में इस तरह है सच्ची घटना जा जिक्र।...यीशू मसीह ने गुड फ्राइडे के पवित्र दिन धरती पर रहने वाले प्रत्येक मनुष्य की स्वतंत्रता हेतु सलीब पर लटक कर कुर्बानी दी, जिसके बारे में हजारों वर्ष पूर्व नबियों द्वारा लिखित पवित्र बाइबल में भविष्यवाणी की गई थी। प्रभु यीशू ने भी सलीबी मौत से पहले ही, जो कुछ उस समय उनके साथ होना था, उसके विषय में शिष्यों को बता दिया था। उन्होंने कहा था कि उनके 12 शिष्यों में से ही एक उनको पकड़वाएगा। उनके वचन के अनुसार, 12 शिष्यों में से यहूदा इस्करियोती, जिसे यीशू बहुत प्यार करते थे, ने 30 सिक्कों के लालच में यीशू को पकड़वा दिया। यीशू के रूहानी उपदेश उस समय के प्रधान याजक तथा धर्म के ठेकेदारों की समझ से बाहर होने के कारण वे उनसे भयभीत थे। उन्होंने एक षड्यंत्र के द्वारा यीशू को हाकिम पीलातुस की अदालत में पेश करके उन पर यहूदियों का बादशाह कहलाने का दोष लगाया। जब पीलातुस ने यीशू से उन पर लगाए गए आरोपों का स्पष्टीकरण मांगा, और जब पीलातुस ने यीशू में कोई दोष न पाया तो प्रधान याजक ने उन पर परमेश्वर का पुत्र कहलवाने का आरोप लगाया। यीशू ने इसका स्पष्टीकरण नहीं दिया, चुप रहे। पीलातुस ने यीशू को चुप देखकर कहा कि तू नहीं जानता कि यह मेरे वश में है कि मैं तुझे छोड़ दूं या सलीब दे दूं। तब यीशू ने पीलातुस को उत्तर दिया कि अगर तुझे ऊपर से अधिकार न दिया जाता तो मुझ पर तेरा कोई वश न चलता। इस पर पीलातुस ने प्रधान याजकों, सरदारों तथा लोगों के समूह को बुला कर कहा, देखो, मैंने तुम्हारे सामने यीशू से पूछताछ की है, जो आरोप तुमने उस पर लगाए, वे सही नहीं पाए गए, इसलिए मैं यीशू को कोड़े मारकर छोड़ दूंगा। इस पर यहूदी शोर मचाकर कहने लगे कि अगर तूने यीशू को छोड़ दिया तो तू कैसर का मित्र नहीं। हरेक, जो अपने आपको बादशाह कहता है, वह कैसर के विरुद्ध बोलता है। तब पीलातुस ने प्रधान याजकों और लोगों को राजी करने के इरादे से यीशू को कोड़े मारकर सलीब देने के लिए याजकों के हवाले कर दिया। जब दोपहर हुई तो सारी धरती पर अंधकार छा गया और तीसरे पहर तक रहा तो यीशू ऊंची आवाज में बोले, एली-एली लमा शबक्तनी (हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर तूने मुझे क्यों छोड़ दिया)।

# जांजगीर-चांपा में होगी संविधान जिंदाबाद रैली : सत्यनारायण शर्मा

छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में जय भारत सत्याग्रह के सफल आयोजन के लिये गठित प्रदेश स्तरीय् निगरानी समिति की बैठक प्रभारी सत्यनारायण शर्मा की उपस्थिति मे संपन्न हुई। इस बैठक में गुरूमुख सिंह होरा, रवि घोष, सुशील आनंद शुक्ला, राजेन्द्र तिवारी, सुमित्रा घृतलहरे, देवंचद्र मातलम उपस्थित हुए। कन्ट्रोल रूम प्रभारी कन्हैया अग्रवाल, महेन्द्र छाबड़ा, सलाम रिजवी उपस्थित हुए। इस बैठक में प्रभारी सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि सभी जिलों में पत्रकारवार्ता संपन्न हो चुकी है। मशाल



जुलूस हो चुका है। सभी ब्लाकों मे पत्रकारवार्ता हो चुका है। 16 अप्रैल को जो कार्यक्रम जांजगीर-चांपा मे होना था। प्रियंका गांधी का आगमन बस्तर के लिये हो रहा है। इसलिये इस कार्यक्रम को 1 हफ्ते आगे बढ़ा दिया गया है। नया कार्यक्रम संविधान जिंदाबाद रैली 1 सप्ताह बाद का जांजगीर- चांपा में प्रदेश स्तर के रैली का आयोजन होगा। इसके लिये हमारे समान विचारधारा के लोगों को आमंत्रित किया है। इसमें सहभागी हो सकते है। इसकी आज हमने समीक्षा की है। सबने अच्छा किया। एआईसीसी के दिशा निर्देश का पालन हुआ है।

# जिले की गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का हो रहा आयोजन

**■ हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स एवं गर्भवती महिलाओं के घरों में प्रशिक्षित महिला योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया जा रहा योगाभ्यास, सुरक्षित प्रसव को प्रोत्साहित करने तथा स्वस्थ शिशु जन्म दर में वृद्धि करने के उददेश्य से योगाभ्यास कार्यक्रम परियोजना का संचालन**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन में जिले की गर्भवती महिलाओं में गर्भकाल के दौरान होने वाले शारीरिक एवं मानसिक विकारों को नियंत्रित कर सुरक्षित प्रसव को प्रोत्साहित करने तथा स्वस्थ शिशु जन्म दर में वृद्धि करने के उददेश्य से छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं युनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में राज्य की गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम परियोजना का संचालन किया जा रहा है। जिला जशपुर में प्रतिदिन योग प्रशिक्षकों द्वारा गर्भवती माताओं को योगाभ्यास कराया जा रहा है। इस परियोजना के लिए जशपुर जिले को पायलट जिला के रूप में चयन कर जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के प्रत्येक हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स में एवं गर्भवती महिलाओं के घरों में प्रशिक्षित महिला योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन जिले की अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को उनकी उपयुक्तता अनुसार लाभकारी यौगिक आसनों के निःशुल्क अभ्यास से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी के साथ विद्यालयों, आँगनबाड़ियों में भी योगाभ्यास का प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है।

## एआईसीसी के सचिव व प्रदेश प्रभारी सप्तगिरी शंकर उल्का बस्तर दौरे पर

छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश प्रभारी सप्तगिरी शंकर उल्का 9 अप्रैल रविवार को सुबह 11.30 बजे कोरापुट ओडिशा से बस्तर पहुंचेंगे एवं विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद विधानसभा क्षेत्र के जोन-सेक्टर-बूथ कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रभारियों से चर्चा करेंगे। शाम 5 बजे बस्तर से जगदलपुर



के लिये रवाना होंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश प्रभारी सप्तगिरी शंकर उल्का 10 अप्रैल सोमवार को सुबह 8.30 बजे जगदलपुर से बचेली, जिला दंतेवाड़ा के लिये रवाना होंगे। सुबह 11 बजे बचेली पहुंचकर दंतेवाड़ा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने के बाद विधानसभा क्षेत्र के जोन-सेक्टर-बूथ कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रभारियों से चर्चा करेंगे। दोपहर 3 बजे बचेली से कोरापुट ओडिशा के लिए रवाना होंगे।

## मुख्यमंत्री ने आजादी के महानायक मंगल पाण्डे को उनके शहादत दिवस पर किया नमन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 के महानायक मंगल पाण्डे को 8 अप्रैल उनके शहादत दिवस पर नमन किया है। बघेल ने कहा है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत वीर सेनानी मंगल पाण्डे ने अंग्रेजों के दमन के विरुद्ध सबसे पहले आवाज उठाई। उनके साहस ने अन्य सैनिकों को भी शक्ति दी और विरोध की चिंगारी भड़क उठी। सेनानी मंगल पाण्डे ने अंग्रेजों के समक्ष घुटने नहीं टेके और मातृभूमि के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उनकी देशभक्ति और शहादत ने स्वाधीनता की भावना जन-जन में जगा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगल पाण्डे जैसे महानायकों का साहस और बलिदान हमेशा लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

## मदरसों में बम बनता है नितिन नवीन के खुलासे के बाद अमित शाह इस्तीफा दे:कांग्रेस

छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सहप्रभारी नितिन नवीन के खुलासे के बाद की देश भर के मदरसों में बम बनाया जाता है। बारूद बनाया जाता है। असलहे बनाने की शिक्षा दी जाती है। देश के गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिये। भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी ने इस बात का खुलासा किया है कि मदरसों में संगीन असंवैधानिक गतिविधिया होती है आतंकी गतिविधियां होती है तो देश के



गृहमंत्री को अपने पद में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। यदि नवीन का बयान में तनिक भी सच्चाई है तो यह बात देश के गृहमंत्री को कैसे नहीं पता चली? यह केन्द्रीय सूचना तंत्र की नाकामी है। या तो नितिन नवीन झूठ बोल रहे है या भाजपा की केन्द्र सरकार कानून व्यवस्था बनाये रखने में सफल नहीं है। नितिन नवीन झूठ बोल रहे तो इसके लिये भाजपा माफी मांगे तथा नितिन नवीन को पद से बर्खास्त करें नितिन नवीन सही तो गृहमंत्री अमित शाह को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि चाहे मदरसे हो या संस्कृत विद्यालय हो या फिर दूसरे धर्मो के द्वारा चलाया जा रहा शैक्षणिक संस्थान हो यहां पर बच्चों को शिक्षा दी जाती है। सबके पढ़ाने का माध्यम अलग-अलग हो सकता है। मदरसों में उर्दू में शिक्षा दी जाती है तो संस्कृत विद्यालयों में संस्कृत भाषा में, मदरसों मे इस्लामिक पद्धति का ज्ञान दिया जाता है तो संस्कृति विद्यालयों में वैदिक पद्धति का। किसी भी पद्धति पर पूर्वाग्रह से आरोप नही लगाना चाहिये। मदरसों के बारे में जो सह प्रभारी नितिन नवीन जो टिप्पणी किया है वह बेहद आपत्तिजनक है। मदरसों में इस्लाम की शिक्षा दी जाती है साथ ही अन्य विषयों की शिक्षा दी जाती है। आप कभी वहां गये है देखने? अपनी ओछी मानसिकता के आधार पर धारणा बना लिया टिप्पणी कर दिये यह उचित नही है। यह देश के गंगा जमुनी तहजीब पर प्रहार है। भाजपा के लोग ऐसा बयान देकर देश में विद्वेष पैदा करने का काम करते है। यही भाजपा मूल चरित्र है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नितिन नवीन ने हैट स्पीच देकर एक वर्ग समुदाय के खिलाफ वैमनस्यता फैलाने का षड्यंत्र रचा है अभी न्यायालय ने भी इस प्रकार के हैट स्पीच पर केंद्र सरकार को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं भाजपा नेताओं की फितरत है जब भी चुनाव नजदीक आते हैं। इस प्रकार से नफरत फैलाने वाली बयानबाजी कर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। नरेन्द्र मोदी भी अभी सार्वजनिक कार्यक्रमों में मंच से खुद की सुपारी देने की बात कर जनता का ध्यान केंद्रित करने की कोशिश किए हैं। जब प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति की भाषा शैली इस प्रकार होगी तो उनके नीचे के नेताओं की भाषा तो ऐसी ही रहेगी नितिन नवीन को अपने भाषा के लिए माफी मांगने चाहिए और केंद्र सरकार नितिन नवीन के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें।

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा
(छ0ग0)
रा.प्र.क्र.-
202303021200065/अ-6/2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनिवास जायसवाल आ0 स्व0 जंगीलाल जायसवाल, आकाश जायसवाल, आशीष कुमार जायसवाल आ0 रामनिवास जायसवाल जाति जायसवाल, निवासी ग्राम, पो0 बेलपहाड, झारसुगडा, उडीसा, के द्वारा बताया गया की आवेदकगण की पत्नी व माता नूतन जायसवाल पति रामनिवास जायसवाल के स्वामित्व व हक की शीट नम्बर 10, मोहल्ला दर्रीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लांट नम्बर 3769/2, 3771/3, 3771/4 रकबा 0.07, 0.28, 0.13 1/4 एकड़ भूमि वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। नूतन जायसवाल पति रामनिवास जायसवाल की मृत्यु हो गई है। नूतन जायसवाल पति रामनिवास जायसवाल के वैध वारिस आवेदकगण है, इनके अलावा अन्य कोई विधिक वारिस नहीं है। अतः खातेदार की मृत्यु होने के आधार पर उनका नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम दर्ज किये जाने बावत् नामान्तरण आदेश पारित किये जाने बावत् आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110, छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया है। अतः उक्त सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26.04.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

न्यायालय तहसीलदार
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा
(छ0ग0)
रा.प्र.क्र./ब-121/2022-23
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार नानोटी आ0 स्व0 मधुकर वैंकटेस नानोटी निवासी नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नम्बर 151/48 रकबा 0.020 हे0 भूमि एवं उस पर निर्मित मकान को अनावेदक विदया पाण्डेय पत्नि देव कुमार पाण्डेय निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपयें 13,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 12.05.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 02.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
अम्बिकापुर, सरगुजा

## मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों को प्रदान किया सहायक उपकरण व प्रोत्साहन राशि का चेक




**छ.ग.फ्रंटलाइन, रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को दुर्ग शहर विधानसभा के ग्राम गंजमंडी में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम स्थल में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों को आवश्यकता सहायक उपकरण एवं प्रोत्साहन राशि द्वारा प्रदान की, जिसमें रायपुर नाका दुर्ग के निवासी विष्णुराम यादव व ग्राम बोरीगारका पाउवारा के राम साहू को बैटरी चलित ट्राई साइकिल दी गई। दिव्यांश विवाह प्रोत्साहन राशि के रूप में रतिदास सिरमौर को 50 हजार रुपए प्रदान किया गया। इस दौरान हितग्राही विष्णु राम यादव ने बताया कि वो ई-रिक्शा चला कर अपना जीवन यापन करते हैं, जिससे उन्हें 12 से 15 हजार की मासिक आमदनी हो जाती है। ट्राई साइकिल मिलने से उन्हें अपने दैनिक दिनचर्या के क्रियान्वयन में और सुविधा प्राप्त होगी। रामजी साहू ने ट्राई साइकिल मिलने पर खुशी जाहिर की और बताया कि वह चना मुर्रा बेचने का व्यवसाय करते हैं। ट्राई साइकिल मिलने से उन्होंने आशा जताई है कि उनका कारोबार और बढ़ेगा। दिव्यांग रतिदास सिरमौर ने बताया कि वो वर्ग-3 में सहायक शिक्षक के रूप में इंदिरा नगर के प्राथमिक शाला चिखली में पदस्थ हैं। भोपाल में उन्होंने हाई स्कूल से हाई सेकेंडरी की शिक्षा प्राप्त की। मिडिल स्कूल तक उन्होंने ब्रेल लिपि से पढ़ाई की है और उसके बाद हायर सेकेंडरी तक टेप रिकॉर्डर के माध्यम से अपना अध्ययन पूर्ण किया है।

## कलेक्टर ने रानीतराई में छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का किया निरीक्षण

छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** कलेक्टर डोमन सिंह ने शुक्रवार को राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रानीतराई में चल रहे छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर सिंह ने प्रगणक दल के साथ ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने ग्रामवासियों को सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण दल को सहयोग करने तथा आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने इस सर्वेक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शासन की योजनाओं का आकलन किया जाएगा तथा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सर्वेक्षण से प्राप्त डाटा का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक तेजी के साथ इस दिशा में कार्य करें



तथा निश्चित समयावधि में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सर्वेक्षण दल से फील्ड में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली तथा समाधान के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर एसडीएम अरूण वर्मा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के लिए जिला पंचायत में जिला कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां सर्वेक्षण कार्य की मानिटरिंग की जा रही है। कंट्रोल रूम का नंबर 07744-226577 है। जिले में 553 प्रगणक दल एवं 77 पर्यवेक्षक नियुक्ति किये गए हैं। रिजर्व के रूप में 10 प्रतिशत प्रगणक दल 51 एवं 10 प्रतिशत पर्यवेक्षक 13 नियुक्त किये गए हैं। जिला एवं जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। प्रभारी अधिकारी तथा सहायक एवं तकनीकी टीम की नियुक्ति की जा चुकी है। जिला स्तरीय नामांकित 8 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा राज्य स्तर पर प्रशिक्षण के पश्चात जिला स्तर पर पर्यवेक्षकों तथा जनपद स्तर पर प्रगणक दलों का प्रशिक्षण पूर्ण करा लिया गया है। विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रगणक दलों द्वारा सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया गया। सर्वेक्षण के लिए जारी निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सांख्यिकी विभाग, खाद्य विभाग, सहकारी बैंक, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित अन्य संबंधित विभाग को जानकारी दलों को उपलब्ध कराई गई है। जिले के लिए पर्याप्त संख्या में सर्वे प्रपत्र वितरित की जा चुकी है। पूरी सर्वेक्षण प्रक्रिया के सुचारू मानिटरिंग के लिए सभी 77 पर्यवेक्षक सेक्टर में जिला व जनपद स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों को निरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। मानिटरिंग के लिए नियुक्त जिला व जनपद स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों ने सर्वेक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया।

## मोदी राज में महंगाई चरम पर, वस्तुओं के दाम दुगुने हो गए : मोहन मरकाम

छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि महंगी गैस, महंगा तेल, थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है, सिर्फ सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है, फिर भी महंगाई से देशवासियों को लूटने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है। पेट्रोल-डीजल 100 के पार, रसोई गैस 1177, खाने का तेल 200 के पार। आम जनता बेबस



और लाचार है पर मोदी सरकार केवल अपने चंद पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की सोच रही है। मोदी सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी विगत 7 साल में 258 परसेंट बढ़ाया है और डीजल पर 820 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इन तमाम आंकड़ों के बावजूद मोदी सरकार द्वारा महंगाई को झूठलाया जाना यह प्रदर्शित करता है कि महंगाई को काबू करना मोदी सरकार के बस में नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था लगातार गर्त में जा रही है। देश की जीडीपी 8.2 से गिरकर 5.7 हो गई है। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार कम हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संतुलन बिगड़ने से आयात पर निर्भरता तेजी से बढ़ रही है। देश पर कुल कर्ज का भार 3 गुना बढ़ चुका है। विगत 12 महीनों में डॉलर के मुकाबले रुपए का मूल्य 12 प्रतिशतसे ज्यादा गिर चुका है। मोदी राज में विगत एक माह में ही विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 26 बिलियन डालर कम हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 2014 की तुलना में 20 परसेंट कम होने के बावजूद डीजल और पेट्रोल 30 से 40 रुपए प्रति लीटर महंगे बेचे जा रहे हैं। थोक और खुदरा महंगाई दर आरबीआई द्वारा तय सीमा से लगातार ऊपर है लेकिन मोदी सरकार का फोकस केवल चंद पूंजीपतियों के मुनाफे पर केंद्रित है।

## मुख्यमंत्री ने सोनकर परिवार के घर स्वादिष्ट और छत्तीसगढ़िया भोजन का चखा स्वाद

**छ.ग.फ्रंटलाइन, रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज दुर्ग जिले के दुर्ग शहर विधानसभा के वार्ड क्रमांक. 39 पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां सोनकर भवन के पास स्थित पुनुराम सोनकर एवं उनके परिवार के आतिथ्य में भोजन के लिए उनके घर पहुंचे, जहां सोनकर परिवार ने घर के मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री का तिलक-आरती एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर और स्थानीय विधायक अरुण वोरा, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी उपस्थित रहे। यहां भोजन में मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ी व्यजन परोसे गए, मुख्यमंत्री ने यहां अलग-



अलग प्रकार के व्यंजनों का स्वाद चखा, मुख्यमंत्री को भोजन में चावल, दाल, रोटी के साथ मुनगा, बैगन बड़ी और सेमी, लाल भाजी, परवल आलू, जिमिकांदा की सब्जी एवं बिजौरी, लाई बड़ी, पापड़, सलाद और टमाटर की चटनी, खीर-पूड़ी और गुजिया परोसा गया। पुनूराम सोनकर ने मुख्यमंत्री को बताया कि इंदिरा मार्केट में उनकी सब्जी की दुकान है, सब्जी दुकान की आमदनी से ही परिवार का गुजारा होता है। उनके पास गरीबी रेखा का राशन कार्ड तथा उनके परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है।

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशवासियों की सेवा कर भाजपा अपने उद्देश्य को कर रही सार्थक : बाबूलाल

## भाजपा ने धूमधाम से मनाया 44 वां स्थापना दिवस

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने जिले के सभी बूथों पर धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया। भाजपा के 44 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय में शहर मंडल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जहां पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण के पश्चात प्रधानमंत्री के लाइव संदेश को सुना गया। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने भाजपा के इतिहास के बारे में विस्तार से कार्यकर्ताओं को बताया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बताया कि स्थापना दिवस मनाने जिले के सभी बूथों में टीम के साथ-साथ प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है। जिला, मंडल, बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बड़े उत्साह के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व देशवासियों की सेवा कर अपनी स्थापना के उद्देश्य को सार्थक कर रही है। जनता के आशीर्वाद से आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बन गई है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है जो अपने एक विचारधारा के साथ चल रही हैं। शहर मंडल द्वारा आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता भीमसेन अग्रवाल, रामकृपाल साहू, राजेश अग्रवाल महलवाला, थलेश्वर साहू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल व शांति सिंह ने भी संबोधित करते हुए भाजपा के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, एचएन चतुर्वेदी, बसंत कुशवाहा, सुमन सिंह, अरविन्द मिश्रा, आनंद सोनी, राजू देवांगन, डॉक्टर सुशांत विश्वास, पार्षद अजय सिंह, भोला साहू, अनिल साहू, सतनारायण गुप्ता, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोज साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष किशन देवांगन, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, अजा मोर्चा मंडल विक्की रवि, भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल, बजरंग राजवाड़े, संदीप जायसवाल, प्यारे साहू, त्रिपुरारी साहू, दिलीप साहू, राकेश महाराज, संजू सोनी, रंजन सोनी, विकाश साहू, लोकनाथ बैगा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







## 23 दिनो से सचिव हड़ताल पर पंचायतो में काम ठप्प

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**ओडगी।** ब्लाक मुख्यालय में पंचायत सचिव 16 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। उनकी मांगों को सरकार द्वारा गंभीरता से नहीं सुना जा रहा है जबकि भुपेश सरकार के घोषणा पत्र में सभी को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था सरकार अपने किये वादा निभाने में विफल साबित हो रही है। जिससे शासकीय व ग्राम पंचायत स्तर के सभी कार्य ठप्प पड़े हैं।

गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हड़ताल स्थल पर हनुमान चालीसा व सुंदर काण्ड का पाठ कर सचिवों ने भुपेश सरकार को सद्बुद्धि एवं सचिवों के मांग को तत्काल पूर्ण करने की कामना की। अनिश्चितकालीन हड़ताल में लक्ष्मी पैकरा , सतीश गुर्जर, होंसला प्रसाद राजवाड़े, पन्ना लाल, सीताराम देवांगन, विष्णु कुशवाहा, जुगेश्वर गुर्जर, संजय गुर्जर , पारस कुजुर, घनश्याम साहू, रामसुन्दर राजवाड़े, सीयाराम शिवलाल राजवाड़े, प्रमोद कुमार सिंह, रामेश्वर पैकरा, करमचंद यादव, शान्ता प्रसाद राजवाड़े शामिल रहे।

## निजी नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा मौत का मामला

# प्रशासन की टीम ने दफन नवजात का शव निकाल कर कराया पीएम

## महिला चिकित्सक पर अपराध दर्ज करने परिजनों की मांग

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** शहर के निजी नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा मौत के मामले में आज दफन किये गए नवजात के शव को प्रशासन की टीम ने निकाल कर पीएम कराया है। पूरे मामले में परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत पुलिस से भी की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।इधर प्रशासन ने नर्सिंग होम को सील कर दस्तावेज आदि जप्त कर लिया है।दूसरी ओर बेहद ग़मगीन माहौल में मृतका पूजा साहू का अंतिम संस्कार भुनेश्वरपुर में किया गया जिसमें पूरा गांव शामिल रहा। मामले की जांच कर रही कोतवाली पुलिस ने आज परिजन, प्रशासन सहित डॉक्टरों की उपस्थिति में दफन किये गए नवजात निकाल कर पीएम के लिए भेजा है। जहाँ पर दो डॉक्टरों की टीम ने नवजात का पीएम कर शव को परिजनों की सपुर्द किया कर दिया है। परिजन नवजात को दफन कर कोतवाली थाने पहुचकर अपराध दर्ज करने की मांग कर रहे है।फिलहाल पुलिस प्राम्भिक जांच पड़ताल करने ने लगी है। जिस चिकित्सक का यह मामला है उस पर कई आरोप पूर्व में भी लगते रहे है पर आज तक आरोपो पर जांच के नाम पर लीपापोती होती रही है।जिसके परिणाम स्वरूप इस तरह की घटना सामने आई है।





## आवासीय खेल अकादमी तैराकी खेल चयन ट्रायल 12 को

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम, जिला कोरबा में आवासीय खेल अकादमी संचालन हेतु फुटबॉल, व्हॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल खेल के खिलाड़ियों का चयन पूर्व में किया जा चुका है। शेष तैराकी खेल का चयन ट्रायल 12 अप्रैल 2023 को प्रातः 08 बजे से प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम, जिला कोरबा में आयोजित है। चयन ट्रायल अंतर्गत खिलाड़ियों का स्किल एवं मोटर एबिलिटी टेस्ट तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा। आवासीय खेल अकादमी चयन ट्रायल में तैराकी खेल के राज्य खेल संघों द्वारा चयनित खिलाड़ियों, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त सूची, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त सूची तथा स्थानीय स्तर से प्राप्त सूची अनुसार प्रतिभावान खिलाड़ी खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अनुसार ऐसे बालक/बालिका जो 01 अप्रैल 2022 को 13 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों एवं 17 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किये हों सम्मिलित होंगे, साथ ही एवं चयन ट्रायल में जिला अंतर्गत कोई भी खिलाड़ी जो निर्धारित आयु वर्ग अनुसार हों चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। अन्य जिले से आने वाले प्रतिभागी 11 अप्रैल को शाम 05 बजे तक अपनी उपस्थिति दे सकते हैं। चयन परीक्षण के माध्यम से तैराकी में 08 बालक एवं 08 बालिका का चयन कर अकादमी में प्रवेश दिया जायेगा। चयनित खिलाड़ियों को खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अनुसार खिलाड़ियों को आवासीय अकादमी में आवास व्यवस्था, भोजन, शैक्षणिक, चिकित्सा, बीमा, खेल परिधान, खेल सामग्री एवं आदि की सुविधा प्रदान की जायेगी।

## संगीतमय श्रीमद भागवत कथा श्रवण हेतु उमड़ रही भक्तों की भीड़

### 0 वृंदावन की देवी सत्याचार्य कर रही कथा का वाचन 0 तिलसिवां में हो रहा आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम तिलसिवा मे ग्रामीणों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमे वृंदावन धाम से पधारी देवी सतयाचार्य के मुखारविंद से श्रीमद भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। जिसमे आकर्षक झांकियों के बीच भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया जा रहा है। 9 अप्रैल तक चलने वाले श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन सुखदेव आगमन एवं दूसरा दिन शिव विवाह कपिल देवहुती तीसरा दिन प्रहलाद चरित्र एवं चौथा दिन श्री श्री राम कथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव पांचवा दिन कृष्ण बाल लीला गिरिराज पूजन एवं आज भगवान का मथुरा आगमन गोपी उद्धव महाराज रुक्मणी विवाह से श्रीमद् भागवत कथा का विस्तार से वाचन किया जा रहा है। भगवत कथा श्रवण के लिए सूरजपुर तिलसिवा पचीरा गिरवारगंज नयनपुर कुरुवा बेल्टिकरी आदि जगहों से बड़ी संख्या में भक्तों पहुंच रहे है और श्रीमद् भागवत कथा श्री राधे राधे के भजनों पर झूमते हुए कथा का आनन्द ले रहे है। वरिष्ठ नागरिकों को श्रीदेवी जी के हाथों श्रीफल वस्त्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। कथा का आयोजन प्रतिदिन संध्या 5 से रात 10:30 बजे तक किया जा रहा है। जहां प्रदीन आयोजन समिति के द्वारा भंडारे का आयोजन हो रहा है।







**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

(1) निविदा संख्या- सीपीएम/ईएनजीजी/जीएसयू/बीएसपी/06-23-24, दिनांकः 29.03.2023

**कार्य का नामः** चाँपा एवं बाराद्वार में अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में सॉफ्ट अपग्रेडेशन कार्य । **निविदा मूल्य (रु. में): 11,30,47,873.58/-, अमानत राशि ईएमडी (रु. में): 7,15,200.00/-.**

(2) निविदा संख्या- सीपीएम/ईएनजीजी/जीएसयू/बीएसपी/07-23-24, दिनांकः 29.03.2023

**कार्य का नामः** रायगढ़ एवं बेलपहार पर अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में सॉफ्ट अपग्रेडेशन कार्य । **निविदा मूल्य (रु. में): 10,62,96,625.11/-, अमानत राशि ईएमडी (रु. में): 6,81,500.00/-.**

(3) निविदा संख्या- सीपीएम/ईएनजीजी/जीएसयू/बीएसपी/08-23-24, दिनांकः 29.03.2023

**कार्य का नामः** कोरबा पर अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में सॉफ्ट अपग्रेडेशन कार्य । **निविदा मूल्य (रु. में): 6,74,64,251.80/-, अमानत राशि ईएमडी (रु. में): 4,87,300.00/-.**

(4) निविदा संख्या- सीपीएम/ईएनजीजी/जीएसयू/बीएसपी/09-23-24, दिनांकः 29.03.2023

**कार्य का नामः** बिजुरी, बैकुंठपुर एवं अम्बिकापुर पर अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में सॉफ्ट अपग्रेडेशन कार्य । **निविदा मूल्य (रु. में): 14,88,75,259.60/-, अमानत राशि ईएमडी (रु. में): 8,94,400.00/-. कार्य पूर्ण हो की अवधिः 9 माह, निविदा प्रस्तुत करने की आरंभ तिथिः दिनांकः 13.04.2023, निविदा समाप्त होने की तारीख एवं समयः दिनांक 27.04.2023 को 15.00 बजे तक ।**

उपर्युक्त ई-निविदा सूचना की सम्पूण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है । उपर्युक्त ई-निविदा हेतु ई-बिड के अलावा किसी अन्य बोली को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

*उप मुख्य अभियंता (गशई)*
*द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर*

सीपीआर/10/01

South East Central Railway @secrail


# बैट्री चोरी मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

## 26 हजार की 2 बैट्री व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बैट्री चोरी मामले में झीलमिली पुलिस ने 6 आरोपी को गिरफ्तार कर 26 हजार रूपये के 2 बैट्री व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त किया है। बताया गया है कि ग्राम केवरा के सनलीत कुशवाहा ने थाना झिलमिली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते 6 अप्रैल के सुबह समिति के रात्रि रक्षक के द्वारा बताया गया कि समिति भवन के पीछे खड़ी समिति के टेक्ट्रर के बैट्री का पेटी खुला है जिसमें ट्रेक्टर का बैट्री नहीं है तथा पीछे के गोदाम में रखा 1 नग इन्वर्टर का बैट्री भी नहीं है, करीब 1 सप्ताह पहले साफ-सफाई के दौरान अंतिम बार देखा था। आसपास खोजबीन करने पर नहीं मिला, किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की विवेचना के दौरान मुखबीर से प्राप्त जानकारी के आधार पर संदेही दिपेश उर्फ गोलू 19 वर्ष निवासी इन्द्रा कालोनी भैयाथान को पकड़ा गया। बारीकी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि 31 मार्च की रात्रि में घर के पीछे स्थित सोसायटी परिसर में खड़ी ट्रेक्टर की बैट्री को अपने साथी सहजादा व सौरभ उर्फ राजा के साथ मिलकर चोरी करना तथा 2 अप्रैल के रात्रि में साथी विनय व रिशुतोष सारथी के साथ मिलकर 1 नग इन्वर्टर का बैट्री चोरी कर समौली निवासी सिद्धू कबाड़ी को 730 रूपये में बिक्री कर प्राप्त रकम को आपस में बटवारा कर लेना बताया जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सौरभ गुप्ता 21 वर्ष निवासी भैयाथान, मोहम्मद शहजादा हसन पिता मो. अकरम अली उर्फ भोलू खान उम्र 25 वर्ष निवासी भैयाथान, रिशुतोष सारथी निवासी बड़कापारा, थाना पटना, जिला कोरिया, विनय विक्रम प्रताप सिंह निवासी भैयाथान, सिद्धु ताम्रकार 57 वर्ष निवासी ग्राम समौली, थाना झिलमिली को पकड़ा गया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 2 नग बैट्री कीमत करीब 26 जफर रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली नरेन्द्र सिंह, एएसआई पास्कल लकड़ा, ललित तिर्की, प्रधान आरक्षक हेमन्त सोनवानी, ऐसन पाल, प्रधान आरक्षक महेन्द्र यादव, आरक्षक हेमन्त सिंह, राकेश सिंह, शैकीलाल चौहान, राम दयाल राठिया व चन्द्रदेव मरावी सक्रिय रहे।



# राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का बढ़ा दायरा

## 1 से 15 अप्रैल तक लिए जाएंगे नवीन आवेदन, पात्र हितग्राहियों को मिलेंगे 7 हजार रुपए

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बजट भाषण में की गई घोषणा के अनुसार 'राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' का विस्तार ग्राम पंचायत क्षेत्रों के साथ-साथ नगर पंचायतों एवं अनुसूचित क्षेत्र की नगर पालिकाओं में किया गया है। राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश में इस योजना के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हितग्राहियों से नवीन आवेदन प्राप्त कर डाटाएन्ट्री का कार्य करने के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। जिसके तहत नवीन आवेदन प्राप्त करने की तिथि 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2023 तक निर्धारित की गई है। पोर्टल में डाटा प्रविष्टि करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2023 तक, तहसीलदार द्वारा पंजीकृत आवेदनों के निराकरण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2023 तक, आवेदनों की स्वीकृति/अस्वीकृति पश्चात ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका क्षेत्रों पर प्रकाशन कर दावा आपत्ति का ग्राम सभा/सामान्य सभा में निराकरण की अंतिम तिथि 8 मई 2023 निर्धारित की गई है। सामान्य सभा के निर्णय अनुसार पोर्टल में अद्यतीकरण की तिथि 14 मई 2023 तथा अंतिम सत्यापित सूची के प्रकाशन की तिथि 15 मई 2023 निर्धारित की गई है।

हितग्राही परिवार की यह होगी पात्रता - इस योजना की पात्रता केवल छत्तीसगढ़ के मूलनिवासियों को होगी। ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्रों में निवासरत् भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार जिनके पास कृषि भूमि नहीं है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। पट्टे पर प्राप्त शासकीय भूमि तथा वन अधिकार प्रमाण पत्र से प्राप्त भूमि को कृषि भूमि माना जाएगा। ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्रों के भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के अंतर्गत चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी, पुरोहित जैसे पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे, यदि उस परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है।

पुजारी, बैगा, गुनिया, माँझी भी उठा सकते हैं लाभ - अनुसूचित क्षेत्रों के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है, तथा आदिवासियों के देव स्थल के हाट पाहार्या एवं बाजा मोहरिया, कृषि भूमि धारण करने के बावजूद योजनांतर्गत पात्र होंगें। परंतु इस वर्ग के वे परिवार जो शासन से सामायिक भत्ता, आर्थिक सहायता अन्य योजना में प्राप्त कर रहे हों, पात्र नहीं होंगे।

भूमिहीन कृषि मजदूर की पात्रता-ऐसा व्यक्ति जो कोई कृषि भूमि धारण नहीं करता और जिसकी जीविका का मुख्य साधन शारीरिक श्रम करना है और उसके परिवार का जिसका की वह सदस्य है, कोई सदस्य किसी कृषि भूमि को धारण नहीं करता है। कृषि भूमिहीन परिवारों की सूची में से परिवार के मुखिया के माता या पिता के नाम से यदि कृषि भूमि धारित है अर्थात् उस परिवार को उत्तराधिकार हक में भूमि प्राप्त करने की स्थिति होगी, तब वह परिवार भूमिहीन परिवार की सूची से पृथक् हो जाएगा।

आवासीय प्रयोजन हेतु धारित भूमि, कृषि भूमि नहीं मानी जाएगी। अपंजीकृत परिवारों को योजनांतर्गत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। पंजीकृत हितग्राही परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाने पर उक्त परिवार के द्वारा पात्रता अनुसार नवीन आवेदन योजनांतर्गत प्रस्तुत किया जाना होगा। यदि पंजीकृत हितग्राही परिवार के मुखिया के द्वारा असत्य जानकारी के आधार पर अनुदान सहायता राशि प्राप्त की गई हो, तब विधिक कार्यवाही करते हुए उक्त राशि उससे भू-राजस्व के बकाया के रूप जाएगी। योजना के हितग्राही के पास 1 अप्रैल 2023 की स्थिति में निर्धारित पात्रता होनी चाहिए।

हितग्राही परिवारों का पंजीयन- योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए हितग्राही परिवार को आवश्यक दस्तावेज यथा- आधार नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ आवेदन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सचिव ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत के समक्ष प्रस्तुत किया जाना होगा। अनुसूचित क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर पालिका में स्थित आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है, तथा आदिवासियों के देव स्थल के हाट पाहार्या एवं बाजा मोहरिया के आवेदन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका, नगर पंचायत के समक्ष आवेदन करेंगें। आवेदन में मोबाईल नंबर का भी उल्लेख करना होगा। हितग्राही परिवार आवेदन की पावती प्राप्त कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत पात्र चिन्हिंत हितग्राही परिवार के मुखिया को प्रतिवर्ष किश्तों में 7000 रूपए की अनुदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

कोरिया फ्रंटलाइन

# किसान गिरीश देवांगन को फूलों की खेती से 10 लाख रुपए की आमदनी



छ.ग.फ्रंटलाइन

**राजनांदगांव।** गुलाब, जरबेरा, रजनीगंधा के महकते उपवन का खुबसूरत मंजर मनोहारी है। किस्म-किस्म के रंग-बिरंगे सुंदर फूलों से गुलजार यह बाग डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम कोलिहापुरी के प्रगतिशील किसान गिरीश देवांगन का है। फूलों की खेती से उनकी जिंदगी बदली है और उन्होंने उन्नति तथा समृद्धि की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। किसान गिरीश देवांगन ने बताया कि उन्हें शासन की योजना के तहत राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत पॉली हाऊस निर्माण के लिए 16 लाख 88 हजार रुपए का अनुदान मिला है तथा संरक्षित खेती के लिए 14 लाख रुपए का अनुदान मिला है। उन्होंने अपने खेतों में शानदार शिरडी गुलाब की वेरायटी लगाई है। वहीं पॉली हाऊस में जरबेरा की वेरायटी अंकुर, सिल्वेस्टर, दून, दानाएलन, व्हाइट हाऊस एवं फोर्ब्स लगाई है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत उन्हें शेडनेट हाऊस के लिए 7 लाख 10 हजार रूपए की अनुदान राशि मिली है। जहां उन्होंने ड्रिप एवं मल्चिंग विधि से गेंदा लगाया है। उन्होंने बताया कि शेडनेट पद्धति से खेती करने में पौधों को 50 प्रतिशत धूप मिलती है और उनके लिए यह अनुकूल होता है। उन्होंने अपने खेतों में व्यापक पैमाने पर रजनीगंधा के फूल लगाए हैं। किसान गिरीश देवांगन ने बताया कि उन्हें फूलों की खेती से लगभग 10 लाख रुपए की वार्षिक आमदनी हो रही है। प्रति फूल 2 रुपए के हिसाब से बिक्री हो रही है। फ्लावर डेकोरेशन के लिए इन फूलों की मार्केट में बहुत डिमांड है। यहां के फूल स्थानीय स्तर पर भेजने के साथ ही हैदराबाद, अमरावती, नागपुर, भुनेश्वर शहर भेज रहे हैं। उद्यानिकी विभाग से किसानों को मदद एवं तकनीकी मार्गदर्शन निरंतर मिल रहा है। कलेक्टर डोमन सिंह के निर्देशन में जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा ने बताया कि शासन की शेडनेट योजना के बहुत फायदे हैं। जिले के लगभग 25 किसान अब तक इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। खेती किसानी के लिए शेड नेट पद्धति बहुत कारगर है। इससे फसल कीड़े एवं बीमारी से सुरक्षित रहती है। लंबे समय तक फसल के लगे रहने से किसानों को दुगुना मुनाफा हो रहा है। ऐसी फसल जो गर्मी के मौसम में नहीं ले सकते उसके लिए यह पद्धति उपयोगी है। रबी एवं जायद की फसल के लिए बहुत अच्छी है। वहीं बरसात में मौसम में थरहा सुरक्षित रहता है और नुकसान नहीं होगा। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत संरक्षित खेती के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 710 प्रति वर्ग मीटर पर 355 वर्ग मीटर में अनुदान का प्रावधान है। किसान अधिकतम 4000 वर्गमीटर में शेडनेट लगा सकते हैं।

# केल्हारी में 2.40 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोकार्पित





छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत केल्हारी में 2 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत से नव निर्मित आधुनिक चिकित्सा सुविधा से युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आज विधिवत् लोकार्पण विधायक गुलाब कमरो ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कलेक्टर पी. एस. ध्रुव, जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सदस्य मकसूद आजम, राम नरेश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर ग्राम पंचायत केल्हारी में सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ है। इससे आसपास के 55 गांवों के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सौगात के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का क्षेत्र की जनता की ओर से आभार जताया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शुभारम्भ अवसर पर विधायक कमरो एवं कलेक्टर ध्रुव ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को जनोन्मुख बनाने का आग्रह किया।

# श्री मारूति महायज्ञ में यजमान सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने डाली आहुति





छ.ग.फ्रंटलाइन

**महासमुंद।** शहर के दादाबाड़ा में आयोजित श्री मारूति महायज्ञ में यजमान विनोद सेवनलाल चंद्राकर व निर्मला चंद्राकर सहित सैकड़ों श्रद्धालूओं ने आहूति डाली। श्री मारूति महायज्ञ के यज्ञाचार्य पं पंकज महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ कराया। श्री मारूति महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह यजमान विनोद सेवनलाल चंद्राकर व निर्मला चंद्राकर ने वैदिक पूजन करते हुए यज्ञ मंडप में स्थापित सभी देवी अग्नि प्रज्वलित किया गया। यहां यज्ञ के लिए 21 कुंड बनाए गए हैं। जिसमें सौ से अधिक जोड़े ने सुंदर कांड के 60 दोहे पर आहुति डाली। यज्ञ का सिलसिला करीब दो घंटे चला। भजन कीर्तन में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। हरिकेश मंगलम बागबाहरा की मंडलियों ने श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में... सहित कई गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। जिससे का आयोजन किया गया है। महायज्ञ के दूसरे दिन भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा प्रसादी का भी वितरण किया गया। भंडारे में पहुंचे। अरोड़ा का सर्वप्रथम त्रिमूर्ति कॉलोनी के पास स्वागत किया गया। बाद इसके यज्ञस्थल पहुंचने पर अरोड़ा का यजमान विनोद सेवनलाल चंद्राकर व निर्मला चंद्राकर

देवताओं की पूजा अर्चना की। मुख्य हवन कुंड में अग्नि स्थापना के लिए प्राकृतिक तरीके से सूर्यदेव के माध्यम से

**भजन-कीर्तन में झूमे श्रद्धालु**

श्री मारूति महायज्ञ के दूसरे दिन दोपहर दो बजे से भजन कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। माहौल भक्तिमय रहा।

6 अप्रैल से दस अप्रैल तक दादाबाड़ा में आयोजित श्री मारूति महायज्ञ के दौरान भंडारे क्षेत्रवासियों का सहयोग मिल रहा है। श्री मारुति महायज्ञ के प्रवचनकर्ता बालयोगी पं विष्णु अरोड़ा शुक्रवार को महासमुन्द सहित समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# बेरोजगारी भत्ता के लिए अब तक 728 युवाओं ने किया आवेदन



छ.ग.फ्रंटलाइन

**अम्बिकापुर (वीएनएस)।** बेरोजगारी भत्ता के लिए अब तक जिले के 728 शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने बेरोजगारी भत्ता में लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। इसमें सर्वाधिक 190 आवेदन अम्बिकापुर विकासखण्ड के हैं। अब तक 76 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बिकापुर जनपद से 190, सीतापुर 113, नगर निगम अम्बिकापुर 104, लखनपुर 83, बतौली 68, लुण्ड्रा व उदयपुर से 53-53, नगर पंचायत सीतापुर व लखनपुर से 19 आवेदन मिले हैं। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में बेरोजगारी भत्ता के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं सत्यापन की व्यवस्था की गई है। करीब 119 सत्यापन केंद्र बनाए गए है, जहां बेरोजगारी भत्ता के लिए निश्शुल्क ऑनलाइन आवेदन की सुविधा है।

# एम.सी.बी. में तेजी से जारी है सामाजिक-आर्थिक सर्वे कार्य

## कलेक्टर ध्रुव ने केल्हारी पहुंचकर सर्वे कार्य का लिया जायजा



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में तेजी से सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का कार्य जारी है। अब तक लगभग साढ़े 11 हजार परिवार का सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिले में 340 प्रगणक दल सर्वेक्षण कार्य में जुटे हुए हैं। कलेक्टर पी. एस. ध्रुव ने आज मनेन्द्रगढ़ ब्लाक के सुदूर अंचल के ग्राम पंचायत केल्हारी का दौरा कर सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने प्रगणक दलों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें लोगों से प्राप्त जानकारी को सही तरीके से संधारित करने समझाईश दी। कलेक्टर ने इस मौके पर ग्रामीणों से भी प्रगणक दलों को परिवार की स्थिति के बारे में सही जानकारी देने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि सर्वे से प्राप्त जानकारी के आधार पर ही आगे सरकार द्वारा जन सामान्य के बेहतरी के लिए नीतियां व कार्यक्रम बनाएं जाएंगे। कलेक्टर ध्रुव ने बताया कि जिले के भरतपुर जनपद की 84 ग्राम पंचायतों में अब तक 5728 परिवारों का सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी तरह मनेन्द्रगढ़ जनपद की 72 ग्राम पंचायतों में 3409 परिवारों तथा खड़गवां जनपद की 44 ग्राम पंचायतों में 2421 परिवारों के सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि भरतपुर एवं मनेन्द्रगढ़ जनपद में 120-120 प्रगणक दल सर्वेक्षण के लिए लगाए गए हैं। खड़गवां जनपद में 100 दल सर्वे कार्य में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि जिले की ऐसी ग्राम पंचायतें जहां परिवारों की संख्या 400 से अधिक है वहां दो-दो प्रगणक दल तैनात किए गए हैं। भरतपुर जनपद वनांचल क्षेत्र है। यहां ग्राम पंचायतों का दायरा औसतन 10 से 15 किलोमीटर तक विस्तृत है, इसको ध्यान में रखते हुए यहां सर्वे कार्य को तेजी से पूरा कराने के लिए 120 दल तैनात किए गए हैं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में ग्रामीण परिवारों की संख्या 68,513 है, जिसमें भरतपुर जनपद में 31,110 परिवार, खड़गवां में 12603 परिवार तथा मनेन्द्रगढ़ में 24,800 परिवार निवासरत हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का कार्यक्रम पूरा कर लिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने सोनकर परिवार के घर स्वादिष्ट और छत्तीसगढ़िया भोजन का चखा स्वाद



**छ.ग.फ्रंटलाइन, रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज दुर्ग जिले के दुर्ग शहर विधानसभा के वार्ड क्रमांक. 39 पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां सोनकर भवन के पास स्थित पुनुराम सोनकर एवं उनके परिवार के आतिथ्य में भोजन के लिए उनके घर पहुंचे, जहां सोनकर परिवार ने घर के मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री का तिलक-आरती एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर और स्थानीय विधायक अरुण वोरा, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी उपस्थित रहे। यहां भोजन में मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ी व्यजन परोसे गए, मुख्यमंत्री ने यहां अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों का स्वाद चखा, मुख्यमंत्री को भोजन में चावल, दाल, रोटी के साथ मुनगा, बैगन बड़ी और सेमी, लाल भाजी, परवल आलू, जिमिकांदा की सब्जी एवं बिजौरी, लाई बड़ी, पापड़, सलाद और टमाटर की चटनी, खीर-पूड़ी और गुजिया परोसा गया। पुनूराम सोनकर ने मुख्यमंत्री को बताया कि इंदिरा मार्केट में उनकी सब्जी की दुकान है, सब्जी दुकान की आमदनी से ही परिवार का गुजारा होता है। उनके पास गरीबी रेखा का राशन कार्ड तथा उनके परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है। उनके परिवार में 5 सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बड़े बेटे ड्राइवर के रूप में काम करते हैं तथा उनका छोटा लड़का सब्जी दुकान में सहयोग करते हैं। मुख्यमंत्री ने स्वादिष्ट छत्तीसगढ़िया भोजन के लिए सोनकर परिवार को धन्यवाद दिया और उपहार भेंट किया, वहीं मुख्यमंत्री को अपने आतिथ्य में परिवार के बीच बैठकर भोजन करता पाकर परिवारजन खुशी से गदगद थे।

# मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों को प्रदान किया सहायक उपकरण व प्रोत्साहन राशि का चेक




**छ.ग.फ्रंटलाइन, रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को दुर्ग शहर विधानसभा के ग्राम गंजमंडी में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम स्थल में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों को आवश्यकता सहायक उपकरण एवं प्रोत्साहन राशि द्वारा प्रदान की, जिसमें रायपुर नाका दुर्ग के निवासी विष्णुराम यादव व ग्राम बोरीगारका पाउवारा के राम साहू को बैटरी चलित ट्राई साइकिल दी गई। दिव्यांश विवाह प्रोत्साहन राशि के रूप में रतिदास सिरमौर को 50 हजार रुपए प्रदान किया गया। इस दौरान हितग्राही विष्णु राम यादव ने बताया कि वो ई-रिक्शा चला कर अपना जीवन यापन करते हैं, जिससे उन्हें 12 से 15 हजार की मासिक आमदनी हो जाती है। ट्राई साइकिल मिलने से उन्हें अपने दैनिक दिनचर्या के क्रियान्वयन में और सुविधा प्राप्त होगी। रामजी साहू ने ट्राई साइकिल मिलने पर खुशी जाहिर की और बताया कि वह चना मुर्रा बेचने का व्यवसाय करते हैं। ट्राई साइकिल मिलने से उन्होंने आशा जताई है कि उनका कारोबार और बढ़ेगा। दिव्यांग रतिदास सिरमौर ने बताया कि वो वर्ग-3 में सहायक शिक्षक के रूप में इंदिरा नगर के प्राथमिक शाला चिखली में पदस्थ हैं। भोपाल में उन्होंने हाई स्कूल से हाई सेकेंडरी की शिक्षा प्राप्त की। मिडिल स्कूल तक उन्होंने ब्रेल लिपि से पढ़ाई की है और उसके बाद हायर सेकेंडरी तक टेप रिकॉर्डर के माध्यम से अपना अध्ययन पूर्ण किया है।

# श्रम मंत्री डहरिया ने 22 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन



छ.ग.फ्रंटलाइन

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने नगर पालिका आरंग में 22 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मंत्री डॉ. डहरिया का आरंग मंडी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम मितानिन बहनों ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर शाल एवं श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो, कृषि का क्षेत्र हो या फिर बिजली, पानी, सड़क की मांग की बात सभी को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहारकप कि विभिन्न समाजों के द्वारा सम्मान किए जाने पर मंत्री डॉ. डहरिया ने उपस्थित जनों का आभार जताया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. डहरिया ने 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली मितानिन भवन का भूमिपूजन और किचन शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा भी की। जिसमें 3 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत वाले नये पालिका भवन का लोकार्पण किया एवं विभिन्न समाज के सामुदायिक भवनों सहित 8 करोड़ 34 लाख रुपए के कुल 21 कार्यों का भी लोकार्पण किया गया। साथ ही 14 करोड़ 51 लाख रुपए के 131 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, खिलेश्वर देवांगन, चन्द्रशेखर चन्द्राकर, द्वारिका साहू, देवनाथ साहू, राशि त्रिभुवन महिलांग, मनीष चन्द्राकर, मंजू चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में विभिन्न समाज के पदाधिकारी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# जिनके पास नहीं है मिसल, ग्राम सभा से उनका भी बन रहा जाति प्रमाण पत्र

**छ.ग.फ्रंटलाइन, कोरबा।** शासन की ओर से जाति प्रमाण पत्र बनाने नियमों में की गई शिथिलता का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग सहित जरूरतमंद लोगों को मिलने लगा है। जाति प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक मिसल न होने पर भी ग्राम सभा से पारित प्रस्ताव और अनुमोदन के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाये जा रहे हैं। इस प्रक्रिया का सबसे ज्यादा लाभ स्कूली विद्यार्थियों को हो रहा है। उनके जाति प्रमाण पत्र बनने से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने के साथ ही चयन परीक्षाओं में भागीदारी के लिए आसानी हो रही है। कोरबा जिले में ग्राम सभा से पारित व अनुमोदित 600 से अधिक जाति प्रमाण पत्र स्कूली विद्यार्थियों के जारी किए जा चुके हैं, जबकि दो हजार से अधिक जाति प्रमाण पत्र जल्दी ही जारी होने के कगार पर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशों के तहत स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र स्कूल स्तर पर ही बनाये जा रहे हैं। इसके लिए जिले में कलेक्टर संजीव कुमार झा की ओर से सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया है, कि स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र समय पर बनाये और किसी प्रकार के दस्तावेज की कमी होने पर उन्हें पूर्ण करते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी करें। उन्होंने मिसल नहीं होने की स्थिति में ग्राम सभा के प्रस्ताव व अनुमोदन के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश भी दिए हैं। इसी कड़ी में कोरबा जिले में ग्राम सभा के अनुमोदन के आधार पर 605 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जिसमें करतला विकासखंड अंतर्गत 119, कोरबा ब्लॉक में 178, कटघोरा में 77, पाली में 80 और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में 151 विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र ग्राम सभा के अनुमोदन के आधार पर जारी किए गए हैं। गौरलतब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र बनाने में मिसल संबंधी आ रही समस्याओं को देखते हुए निर्देशित किया था, कि जिनका मिसल नहीं है उनका जाति प्रमाणपत्र बनाने के लिए अधिक से अधिक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत जिले में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली विद्यार्थियों और उनके पालकों को बड़ी राहत मिली है।

**अजजा के 383, अजा के 123 और अपिव के 99 जाति प्रमाण पत्र जारी**

जिले में ग्राम सभा के अनुमोदन के आधार पर जाति प्रमाण जारी करने की प्रक्रिया जारी है। अभी तक जिले में अनुसूचित जनजाति के 383, अनुसूचित जाति के 123 और अन्य पिछड़ा वर्ग के 99 जाति प्रमाण पत्र ग्राम सभा के अनुमोदन से जारी किए गए हैं। मिसल या अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं होने की स्थिति में ग्राम सभा से प्रस्ताव व अनुमोदन पर स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण बनाये जा रहे हैं। लगभग दो हजार से अधिक आवेदन है, जो ग्राम सभा से प्राप्त है। कुछ दिनों के भीतर इन आवेदनों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिए जायेंगे। करतला विकासखंड के ग्राम बोतली हायर सेकेण्डरी स्कूल में कुल 275 विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाया जाना है। जिसमें से 245 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। 20 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र तहसील स्तर पर बनने की प्रक्रिया में है और 10 विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र ग्राम सभा से अनुमोदित होकर अपलोड होने की स्थिति में है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा